जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

कार्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 437वीं बैठक दिनांक 18.08.2026 प्रातः 10.30 बजे आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री मृणाल जोशी, निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
2. श्रीमती प्रतिभा पारीक, अतिरिक्त आयुक्त (भूमि), जविप्रा, जयपुर।
3. डॉ. बी.सी. बधाल, अतिरिक्त आयुक्त (पीआरएन), जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती रिंकू बंसल, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक एवं सदस्य सचिव, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे:–

1. श्री राजेश वर्मा, वरिष्ठ नगर नियोजक (मास्टर प्लान), जविप्रा, जयपुर।
2. श्री सत्यम खण्डेलवाल, उपायुक्त जोन– 22/प्रशासन, जविप्रा, जयपुर।
3. श्री संजय कुमार गोरा, उपायुक्त जोन–बी जविप्रा, जयपुर।
4. श्री सूर्यकांत, उपायुक्त जोन– 09 जविप्रा, जयपुर।
5. श्री रवि कुमार गोयल, उपायुक्त जोन– 11 जविप्रा, जयपुर।
6. श्री दिनेश कुमार शर्मा, उपायुक्त जोन– 12 जविप्रा, जयपुर।
7. श्री राकेश, उपायुक्त जोन– 14 जविप्रा, जयपुर।
8. श्री अंकुर देवत, उप नगर नियोजक, बीपीसी–एलपी, जविप्रा, जयपुर।
9. श्री मुकेश, उप नगर नियोजक, जोन–14, जविप्रा, जयपुर।
10. श्री महेन्द्र धीरावत, उप नगर नियोजक, जोन–07 व जोन–16, जविप्रा, जयपुर।
11. सुश्री साक्षी बोहरा, उप नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
12. श्रीमती राधिका शर्मा, उप नगर नियोजक, जोन–09, जविप्रा, जयपुर।
13. श्री नरेन्द्र कुमार उज्जैनिया, उप नगर नियोजक, जोन–बी, जविप्रा, जयपुर।
14. श्री मुकेश सैनी, उप नगर नियोजक, जोन–22 जविप्रा, जयपुर।
15. श्री सूर्य प्रकाश कुमावत, सहायक नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
16. श्री विवेक यादव, सहायक नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी) व जोन–12 जविप्रा, जयपुर।
17. श्री संतोष कुमार मीणा, सहायक नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
18. श्री नितिन मीणा, सहायक नगर नियोजक, जोन –11 जविप्रा, जयपुर।
19. श्री कमल सिंह शेखावत, सहायक नगर नियोजक, जोन–08 व जोन–13 जविप्रा, जयपुर।

समिति को अवगत करवाया गया कि प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त प्रकरणों के विकासकर्ता/आवेदकों को संबंधित जोन द्वारा बैठक में उपस्थित होने बाबत् सूचित किया गया है।

एजेण्डा संख्या:–01 (437/18.08.2026)

विषय:–बीपीसी (एलपी) की 436वीं बैठक दिनांक 03.08.2026 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि बाबत्।
समिति का निर्णय:– समिति द्वारा बीपीसी (एलपी) की 436वीं बैठक दिनांक 03.08.2026 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

एजेण्डा संख्याः–02 (437 / 18.08.2026)

विषयः– आवेदिका निधी चौधरी पुत्री श्री राम सिंह चौधरी द्वारा ग्राम–माचेडा, तह०– रामपुरा डाबडी, जिला–जयपुर के खसरा नं. 1551 / 855 रकबा 0.49 है० एवं खसरा नं. 1549 / 1398 रकबा 0.46 है० भूमि पर आवासीय प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड का मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 452487)	जोन–(बी)

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–

1. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। आवेदक द्वारा भूमि को स्वयं के उपयोग में लिये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
2. प्रश्नगत प्रकरण में प्रश्नगत भूमि पर किये जाने वाले आंतरिक विकास के संबंध में आवेदक द्वारा डीपीआर भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत किया जावेंगा। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड एवं मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है।
3. आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार आवासीय दर्शित है। प्रकरण में आवासीय एकल भूखण्ड का अनुमोदन चाहा गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के उत्तर दिशा की तरफ मौके पर वर्तमान में 30 फीट की डामर रोड मौके पर निर्मित है एवं दक्षिण दिशा की तरफ वर्तमान में मौके पर 18 मीटर सड़क उपलब्ध है तथा 10.70 मीटर में डामर सडक निर्मित है, से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। उक्त के अतिरिक्त आवेदित भूमि के पश्चिम दिशा की तरफ मौके पर 30 फीट सडक उपलब्ध है, एवं पूर्व दिशा की तरफ मौके पर अनुमोदित योजना 4–एस स्कीम माचडा सृजित है। आवेदित भूमि के दक्षिण एवं पश्चिमी दिशा में मौके पर निर्मित सडक में निहित भूमि गै.मु.रास्ते के रूप में दर्ज है। उक्त पहुँच मार्ग को समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. आवेदित भूमि में सम्मिलित खसरा नं. 1551 / 855 के मध्य से जोनल विकास योजना की 18 मीटर सडक प्रस्तावित है। उक्त के फलस्वरूप आवेदित भूमि दो भागों में विभक्त होती है। जिसमें से उत्तरी भाग को निर्माण योग्य क्षेत्रफल प्राप्त नही होता है। अतः प्रकरण में उक्त भाग को जविप्रा के पक्ष में जन सुविधा हेतु आरक्षित रखा जाना प्रस्तावित है।
6. जोनल विकास योजना–11बी की 18 मीटर सडक से प्रभावित भूमि को आवेदक द्वारा जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रश्नगत प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र समतुल्य राशि लिया जाना प्रस्तावित है।
8. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
9. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 01 से

RajKaj Ref No.: 24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

04 व 06 से 09 को मान्य करते हुए, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में आवासीय प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड मानचित्र का अनुमोदन निम्नलिखित शर्तो के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

1. **आवेदित भूमि में से प्रस्तावित जोनल विकास योजना की 18 मीटर सडक से आवेदित भूमि दो भागों में विभक्त होती है। जिसमें से उत्तरी भाग को निर्माण योग्य क्षेत्रफल प्राप्त नही होता है। उक्त भाग को गैर अनुमोदित रखते हुए मानचित्र जारी किया जावे। उक्त का अंकन जारी होने वाले मानचित्र पर किया जावें।**
2. **प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि ली जावें।**
3. **आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

<u>एजेण्डा संख्या:–03 (437/18.08.2026)</u>

विषय:– ग्राम मदरामपुरा, तहसील जयपुर के धारा 54–ई के तहत समर्पित खसरा नम्बर 215, 218, 221, 222, 223, 224 एवं 90–ए हेतु आवेदित खसरा नं. 216, 217, 220 की भूमि के साथ कुल किता 9 कुल रकबा 1.3909 है0 (13909 व.मी.) का जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 54–ई के तहत आवासीय प्रयोजनार्थ एकल पट्टा जारी करने बाबत। (राजकाज नं. 16539)	**जोन–बी**

<u>बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दु:–</u>

1. प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम में विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदक द्वारा स्वयं के उपयोग में लिये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
2. प्रकरण में प्रश्नगत भूमि पर किये जाने वाले आंतरिक विकास के संबंध में आवेदक द्वारा डीपीआर भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड एवं मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
3. प्रकरण में जोन द्वारा आवेदित भूमि के खसरों के सम्बन्ध में जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 54–ई के अनुसार कार्यवाही करते हुए आदेश दिनांक 17.11.2025 को जारी किये गये हैं। वर्तमान में उक्त भूमि पर आवासीय एकल पट्टा लिये जाने हेतु आवेदन किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग जोनल विकास योजना में व्यावसायिक दर्शित है। कार्यालय मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान के आदेश दिनांक 27.11.2019 में पूर्व की आबादी भूमि के सम्बन्ध में निम्नानुसार उल्लेख किया गया है :–

   ''राजस्थान नगर पालिका अधिनियम–2009 के धारा 182 के बिन्दु संख्या 1 व 2 के अनुसार राजस्थान नगर पालिका अधिनियम–2009 लागू होने से पूर्व यदि किसी भूमि का वर्गीकरण गैरमुमकिन आबादी दर्ज है एवं तत्समय भी प्रश्नगत भूमि नगर पालिका सीमा क्षेत्र में स्थित थी, उक्त भूमि का भू–उपयोग मास्टर प्लान में अन्य प्रयोजनार्थ भू–उपयोग प्रस्तावित किये जाने के उपरांत भी (यथा–वाणिज्यिक, संस्थानिक, औद्योगिक आदि) गैरमुमकिन आबादी अर्थात् आवासीय भू–उपयोग ही माना जायेंगा।

   उपरोक्त निर्णय से प्रभावित नगरीय क्षेत्रो में स्थित समस्त गैरमुमकिन आबादी भूमि के संबंध में भू–उपयोग की स्वीकृति ली जानी प्रस्तावित किये जाने पर भी समस्त कार्यवाही, प्रश्नगत भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ भू–उपयोग ही मानते हुए की जावेगी। यदि किसी भूस्वामी द्वारा ऐसी भूमि का भू–उपयोग अन्य प्रयोजनार्थ यथा–वाणिज्यिक, संस्थानिक आदि उपयोग में लिया जाना प्रस्तावित किया जाता है अथवा मास्टर प्लान में दर्शाये अनुसार किया जाना प्रस्तावित किया जाता है तो उक्त भूमि हेतु नियमानुसार भू–उपयोग परिवर्तन की सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।''

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

प्रकरण में उक्त आदेश अनुसार आवासीय भू–उपयोग मानते हुए आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन की कार्यवाहीं किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

4. प्रकरण में आवेदित भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 216 किस्म गै.मु. पड़त, खसरा नं. 217 किस्म गै.मु. चाह, खसरा नं. 220 किस्म गै.मु. कुण्ड को सम्मिलित करते हुए एकल पट्टा चाहा गया है। उक्त खसरों के सम्बन्ध में धारा 90ए की कार्यवाही आवेदक के स्वयं की आवेदित भूमि से लगते हुए स्थित भूमि खसरा नं. 219 के साथ प्रक्रियाधीन है। उल्लेखनीय है कि एकल पट्टे हेतु आवेदित सम्पूर्ण भूमि का भू–उपयोग व्यावसायिक दर्शित है तथा प्रकरण में उक्त खसरा न. 216, 217, 220 को आवेदित भूमि के साथ सम्मिलित कर आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन एवं उप–विभाजन/पुनर्गठन शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

5. बिन्दु संख्या 4 पर समिति द्वारा खसरा नं. 216, 217 व 220 को आवासीय एकल पट्टे की भूमि में सम्मिलित किये जाने की स्थिति में उक्त खसरों की पृथक से जविप्रा की धारा 54–ई के अन्तर्गत कार्यवाहीं किये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

6. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को मौके पर विद्यमान 30 मीटर सड़क से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। प्रश्नगत सड़क जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सड़क है। जोन की रिपोर्ट अनुसार उक्त सड़क का मार्गाधिकार मास्टर विकास योजना–2025 में 36 मीटर दर्शित है एवं उक्त सड़क पर पूर्व में स्कीम नं. 07 (नेशनल गृ. नि. सहकारी समिति), स्कीम नं. 03 (जय अम्बे गृ. नि. सहकारी समिति), का अनुमोदन सड़क मार्गाधिकार 30 मीटर रखते हुए किया जा चुका है। प्रकरण में उक्त सड़क का मार्गाधिकार जोनल विकास योजना व पूर्व कमिटमेन्ट अनुसार 30 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है।

7. बिन्दु संख्या 5 पर उल्लेखित सड़क के अलाईमेन्ट के सम्बन्ध में जोन द्वारा पूर्व कमिटमेन्ट व जोनल विकास योजना के परिपेक्ष्य में पुनः जांच करते हुए सुनिश्चितता उपरान्त अग्रिम कार्यवाहीं किया जाना प्रस्तावित है।

8. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के पूर्वी दिशा की ओर 2.5–3.0 मीटर की गली स्थित है जो कि अजमेर रोड़ को शांति नगर से जोड़ती है एवं खातेदारी भूमि में स्थित है। जोन द्वारा उक्त सडक का मार्गाधिकार 12 मीटर रखे जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त के अतिरिक्त जोन द्वारा आवेदित भूमि की चारदीवारी में उत्तर दिशा में स्थित पूर्व अनुमोदित योजना शांति नगर के खसरा नं. 207 व 214 की 1018.04 व.मी. भूमि स्थित होने का उल्लेख किया गया है परन्तु उक्त योजना के अनुमोदित मानचित्र को सुपरईम्पोज करते हुए मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। उक्त भूमि के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूमि के स्थान पर पूर्वी दिशा की ओर स्थित गली को 12 मीटर चौड़ी सड़क किये जाने हेतु 921.23 व.मी. भूमि समर्पित करने एवं शेष भूमि के एवज में नियमानुसार राशि जमा करवाने हेतु सहमति दी गयी है। प्रकरण में पूर्वी दिशा की ओर स्थित सड़क के मार्गाधिकार एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

9. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि मिसल बंदोबस्त एवं मिलान क्षेत्रफल के अनुसार आजादी से पूर्व से ही आबादी भूमि के रूप में दर्ज है तथा जविप्रा की धारा 54–ई एवं अकृषि भूमि अभ्यर्पण नियम 2015 के तहत पट्टा जारी किया जाना है। इसमें अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी के नियम 2009 एवं उसके बाद की रूपान्तरित भूमि पर लागू होने के कारण इस भूमि पर लागू नहीं होते है। उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

10. प्रश्नगत प्रकरण में जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि पर निर्माण दर्शित है। उक्त निर्माण के संबंध में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 28.03.2026 के अनुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

11. जोन द्वारा प्रस्तुत क्षेत्रफल विश्लेषण अनुसार आवेदित भूमि का 222.64 व.मी. भाग जोनल विकास योजना की 30 मीटर सड़क से प्रभावित है। उक्त सड़क से प्रभावित भाग को समिति द्वारा जविप्रा में निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

12. जोन की रिपोर्ट अनुसार जमाबन्दी अनुसार आवेदित भूमि का कुल क्षेत्रफल 13909.00 व.मी. है एवं राजस्व मानचित्र अनुसार 13918.98 व.मी. है, इस प्रकार 9.98 व.मी. भूमि बढ़ी हुई उपलब्ध है। प्रकरण में उक्त बढ़ी हुई भूमि के क्षेत्रफल के एवज में राशि लिये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
13. प्रकरण में आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 10,000 व.मी. से अधिक है। अतः 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र की एवज में भूमि आरक्षित रखे जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
14. प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड के राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जाना प्रस्तावित है।
15. प्रकरण में आवेदक से टाउनशिप पॉलिसी 2024 अनुसार ले–आउट प्लान अनुमोदन शुल्क, भूमि प्रीमियम शुल्क, लीज शुल्क व शहरी आधारभूत सुविधा विकास शुल्क आदि राशि की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जाकर प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाहीं किया जाना प्रस्तावित है।
16. भूखण्ड पर पैरामीटर्स जविप्रा भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रकरण में आवेदित भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 216 किस्म गै.मु. पड़त, खसरा नं. 217 किस्म गै.मु. चाह, खसरा नं. 220 किस्म गै.मु. कुण्ड को सम्मिलित करते हुए आवासीय एकल पट्टा चाहा गया है एवं उक्त खसरों के धारा 90ए की कार्यवाही हेतु अन्य भूमि के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत खसरें धारा 54–ई के अंतर्गत जविप्रा को अभ्यर्पित भूमि के मध्य स्थित है, जिनको सम्मिलित करते हुए एकल पट्टा चाहा गया है।

आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा समिति को अवगत करवाया गया कि समस्त आवेदित खसरें उनके स्वामित्व के ही है एवं 90ए हेतु आवेदित खसरा नं. 217 एवं 220 सार्वजनिक उपयोग हेतु ना होकर वर्षो से उनके स्वयं के उपयोग हेतु ही ली जा रही है। उनके द्वारा यह भी निवेदन किया गया कि आवेदित भूमि के उत्तरी दिशा की ओर लगभग 1000 वर्गमीटर राजकीय भूमि उपलब्ध है, जो कि पट्टीनुमा आकार की होने के कारण अनुपयोगी है एवं पृथक से पहुँच उपलब्ध नही होने के फलस्वरूप भविष्य में भी पृथक से उपयोग योग्य नही है। साथ ही आवेदित भूमि के पूर्वी दिशा में स्थित गली जो कि वर्तमान में 3 मीटर से भी कम चौडाई में स्थित है, का मार्गाधिकार बढाया जाना आवश्यक है। उनके द्वारा आवेदित भूमि के उत्तरी दिशा में स्थित पूर्व अनुमोदित योजना शांति नगर की सीमा के पश्चात उपलब्ध अतिरिक्त भूमि को आवेदित भूमि में सम्मिलित किये जाने के फलस्वरूप समानुपात भूमि पूर्वी दिशा की ओर स्थित गली को 12 मीटर चौड़ी सड़क किये जाने हेतु समर्पित किये जाने की सहमति प्रदान की गई।

जोन उपायुक्त द्वारा समिति का अवगत करवाया गया कि खसरा नं. 220 की किस्म गै.मु. कुण्ड है, जो कि गै.मु.चाह के समान ही है एवं आवेदक की भूमि के मध्य ही स्थित है, जो की सार्वजनिक उपयोग हेतु नही है। अतः उनके द्वारा उक्त खसरों की 90ए की कार्यवाही किये जाने की अभिशंषा की गई एवं आवेदित भूमि के उत्तर दिशा में स्थित पूर्व अनुमोदित योजना शांति नगर हेतु वर्तमान में 3 मीटर से भी कम चौडाई का रास्ता उपलब्ध है, जिसके मार्गाधिकार को बढाये

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

जाने के संबंध में अनेक प्रतिवेदन प्राप्त होते आये है। भविष्य में जनहित एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत, उनके द्वारा आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव बाबत विचार करने हेतु अभिशंषा की गई।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 01, 02, 03, 06, 10, 11 व 14 से 16 को मान्य करते हुए, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 54–ई के तहत आवासीय एकल भूखण्ड मानचित्र का अनुमोदन निम्नलिखित शर्तो के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

1. प्रश्नगत प्रकरण में खसरा नं. 216, 217 एवं 220 आवेदित भूमि (पूर्व में 54–ई शुदा) के मध्य स्थित है। उक्त खसरों की नियमानुसार आवासीय प्रयोजनार्थ 90ए की कार्यवाही की जाकर, पूर्व में 54–ई शुदा भूमि के साथ सम्मिलित किये जाने के क्रम में नियमानुसार पुनर्गठन शुल्क लिया जावें।
2. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि के उत्तर दिशा में स्थित पूर्व अनुमोदित योजना शांति नगर के खसरा नं. 207 व 214 की 1018.04 व.मी. अतिरिक्त राजकीय भूमि को आवेदित भूमि सम्मिलित किया जाकर, उक्त राजकीय भूमि के स्थान पर पूर्वी दिशा की ओर स्थित गली को 12 मीटर चौड़ी सड़क किये जाने हेतु 921.23 व.मी. भूमि जविप्रा के हक में नि:शुल्क समर्पित की जावें एवं शेष भूमि के एवज में नियमानुसार राशि ली जावें।
3. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित खसरें की बढी हुई भूमि क्षेत्रफल 09.98 वर्गमीटर के एवज में नियमानुसार राशि ली जावें।
4. प्रश्नगत प्रकरण में जोनल विकास योजना–04 की 30 मीटर सडक के अलाईन्मेंट के संबंध में जोन द्वारा पुनः सुनिश्चितता करते हुए जोनल विकास योजना–04 की 30 मीटर सडक का अलाईन्मेंट कमिटमेंट अनुसार रखा जावें।
5. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 217 किस्म गै.मु. चाह, खसरा नं. 220 किस्म गै.मु. कुण्ड हेतु बीपीसी–एलपी समिति की 427वीं बैठक दिनांक 06.04.2026 के लिये गये नीतिगत निर्णयानुसार कार्यवाही की जावें।
6. प्रश्नगत प्रकरण में 90ए शुदा भूमि पर 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि ली जावें।
7. प्रश्नगत प्रकरण में मौके पर स्थित निर्माण के संबंध में राज्य सरकर के आदेश दिनांक 28.03.2026 के अनुसार कार्यवाही की जावें।
8. आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

एजेण्डा संख्या:–04 (437/18.08.2026)

विषय:– ग्राम मदरामपुरा, तहसील जयपुर के आवेदित खसरा नम्बर 216 रकबा 0.0126 है0, 217 रकबा 0.0126 है0, 219 रकबा 0.5691 है0, 220 रकबा 0.0126 है0 भूमि पर मिश्रित प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड की धारा 90ए व ले–आउट अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 18587)	जोन–बी
बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दु:–	

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

1. प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम में विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदक द्वारा स्वयं के उपयोग में लिये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
2. प्रकरण में प्रश्नगत भूमि पर किये जाने वाले आंतरिक विकास के संबंध में आवेदक द्वारा डीपीआर भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड एवं मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
3. प्रकरण में आवेदित भूमि के लगती हुई भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 216 किस्म गै.मु. पड़त, खसरा नं. 217 किस्म गै.मु. चाह, खसरा नं. 220 किस्म गै.मु. कुण्ड को सम्मिलित करते हुए धारा 90ए की कार्यवाही हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूमि पर आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन की कार्यवाही पृथक पत्रावली पर प्रक्रियाधीन है। खसरा नं. 219 व धारा 90ए की कार्यवाही हेतु आवेदित अन्य खसरा न. 216, 217, 220 का आपस में कोई सम्पर्क स्थापित नहीं होता है। प्रकरण में उपरोक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
4. जोन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार मास्टर विकास योजना–2011 में आवेदित सम्पूर्ण भूमि का भू–उपयोग संस्थानिक, मास्टर विकास योजना–2025 एवं जोनल विकास योजना के अनुसार भू–उपयोग संस्थानिक एवं व्यावसायिक दर्शित है। नविवि के पत्र दिनांक 20.06.2025 मे विभागीय अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 मे अंकित निम्न प्रावधान का उल्लेख किया गया हैः–

   "किसी भूमि/भूखंड का आंशिक भाग व्यावसायिक/मिश्रित भू उपयोग में तथा शेष भाग आवासीय/सार्वजनिक अर्धसार्वजनिक उपयोग में आता है तो मिश्रित उपयोग का एकल पट्टा अनुज्ञेय किया जा सकेगा, जिस उपयोग में जितना प्रतिशत आ रहा है उसका उल्लेख साइट प्लान/लीज डीड में करना होगा तथा तदनुसार ही उपयोगों का प्रतिशत रखते हुए भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेगी।"

   उपरोक्त के क्रम में प्रकरण में मिश्रित प्रयोजनार्थ कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को मौके पर विद्यमान 30 मीटर सड़क से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। प्रश्नगत सड़क जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सड़क है। जोन की रिपोर्ट अनुसार उक्त सड़क का मार्गाधिकार मास्टर विकास योजना–2025 में 36 मीटर दर्शित है एवं उक्त सड़क पर पूर्व में स्कीम नं. 07 (नेशनल गृ. नि. सहकारी समिति), स्कीम नं. 03 (जय अम्बे गृ. नि. सहकारी समिति), का अनुमोदन सड़क मार्गाधिकार 30 मीटर रखते हुए किया जा चुका है। प्रकरण में उक्त सड़क का मार्गाधिकार जोनल विकास योजना व पूर्व कमिटमेन्ट अनुसार 30 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है।
6. बिन्दु संख्या 5 पर उल्लेखित सड़क के अलाईमेन्ट के सम्बन्ध में जोन द्वारा पूर्व कमिटमेन्ट व जोनल विकास योजना के परिपेक्ष्य में पुनः जांच करते हुए सुनिश्चितता उपरान्त अग्रिम कार्यवाहीं किया जाना प्रस्तावित है।
7. जोन द्वारा प्रस्तुत क्षेत्रफल विश्लेषण अनुसार आवेदित भूमि का 33.85 व.मी. भाग जोनल विकास योजना की 30 मीटर सड़क से प्रभावित है। उक्त सड़क से प्रभावित भाग 0को समिति द्वारा जविप्रा में निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।
8. जोन की रिपोर्ट अनुसार जमाबन्दी अनुसार आवेदित भूमि का कुल क्षेत्रफल 5691.00 व.मी. है एवं राजस्व मानचित्र अनुसार 5696.03 व.मी. है, इस प्रकार 05.03 व.मी. भूमि बढ़ी हुई उपलब्ध है। प्रकरण में उक्त बढ़ी हुई भूमि के क्षेत्रफल के एवज में राशि लिये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
9. प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड के राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जाना प्रस्तावित है।
10. प्रश्नगत प्रकरण में जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि पर निर्माण दर्शित है। उक्त निर्माण के संबंध में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 28.03.2026 के अनुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

RajKaj Ref No.:
24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

v-1.0

11. प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि लिया जाना प्रस्तावित है।
12. प्रकरण में आवेदक से टाउनशिप पॉलिसी 2024 अनुसार ले–आउट प्लान अनुमोदन शुल्क, भूमि प्रीमियम शुल्क, लीज शुल्क व शहरी आधारभूत सुविधा विकास शुल्क आदि राशि की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जाकर प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाहीं किया जाना प्रस्तावित है।
13. भूखण्ड पर पैरामीटर्स जविप्रा भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रकरण में आवेदित भूमि के खसरा नं. 219 के साथ ही आवेदक के ही समीप स्थित भूखण्ड के खसरा नं. 216 किस्म गै.मु. पड़त, खसरा नं. 217 किस्म गै.मु. चाह, खसरा नं. 220 किस्म गै.मु. कुण्ड को सम्मिलित करते हुए धारा 90ए की कार्यवाही हेतु आवेदन किया गया है। धारा 54–ई के तहत समर्पित खसरा नम्बर 215, 218, 221, 222, 223, 224 एवं खसरा नं. 216, 217 एवं 220 हेतु पृथक से आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन की कार्यवाही पृथक पत्रावली पर प्रक्रियाधीन है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 01, 02, 04, 05, 07 व 09 से 13 को मान्य करते हुए, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में मिश्रित प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड मानचित्र का अनुमोदन निम्नलिखित शर्तो के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

1. **प्रश्नगत प्रकरण में मिश्रित प्रयोजनार्थ नियमानुसार धारा 90ए के आदेश खसरा नं. 219 हेतु जारी किये जाकर अग्रिम कार्यवाही की जावें।**
2. **प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित खसरें की बढी हुई भूमि क्षेत्रफल 05.03 वर्गमीटर की एवज में नियमानुसार राशि ली जावें।**
3. **प्रश्नगत प्रकरण में जोनल विकास योजना–04 की 30 मीटर सडक के अलाईन्मेंट के संबंध में जोन द्वारा पुनः सुनिश्चितता करते हुए कमिटमेंट होने की स्थिति में उक्त सडक का अलाईन्मेंट कमिटमेंट अनुसार रखा जावें।**
4. **प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि ली जावें।**
5. **आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

एजेण्डा संख्याः–05 (437/18.08.2026)

विषयः– भैरव गृ.नि.स.स.लि. की योजना आदिनाथ नगर के भूखण्ड़ संख्या 144 के संशोधित लीजडीड जारी करने बाबत। (राजकाज 461917)	जोन–07

जोन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के तथ्यः–

1. भैरव गृ.नि.स.स.लि. की योजना आदिनाथ नगर के भूखण्ड संख्या 144 क्षेत्रफल 180.52 वर्गगज का जेडीए फ्री होल्ड लीजडीड दिनांक 26.11.2025 को आवेदिका श्रीमती परमेश्वरी कसवाँ पत्नी श्री ले. कर्नल बी.डी. सिंह के पक्ष से जारी किया गया।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

2. वर्तमान में भूखण्डधारी श्रीमती परमेश्वरी कसवा द्वारा प्रश्नगत भूखण्ड से HT लाईन हटने के बाद सम्पूर्ण भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑन लाईन एप्लिकेशन नं 271971 से आवेदन किया गया है।

3. सोसायटी द्वारा दिनांक 07.07.1998 क्षेत्रफल 261 वर्गगज का आवंटन पत्र आवेदिका श्रीमती परमेश्वरी कसवाँ पत्नी श्री ले. कर्नल बी.डी.सिंह के नाम से जारी किया गया है।

4. कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट पैरा 26/एन अनुसार मौके पर उपलब्ध डिमार्केशन अनुसार भूखण्ड की माप का स्कैच संलग्न है। भूखण्ड से एच.टी. लाईन हटाई जा चुकी है। भूखण्ड रिक्त है।

5. अनुमोदित योजना मानचित्र अनुसार भूखण्ड संख्या 144 सृजित/अनुमोदित है एवं निम्नानुसार नोट अंकित है– "HT LT LINE से प्रभावित भूखंडों का नियमन नहीं किया जावे।''

6. प्रकरण में भूखण्ड़ की स्थिति निम्नलिखित आरेख अनुसार है:–



कनिष्ठ अभिंयता की रिपोर्ट अनुसार मौके से से HT लाईन हटाई जा चुकी है। पूर्व में HT लाईन से प्रभावित क्षेत्र को छोड़ते हुए लीजडीड जारी की गई है।

आवेदक द्वारा एच.टी.लाइन हटने के फलस्वरुप संशोधित लीज डीड जारी करने हेतु आवेदन किया गया है अतः प्रकरण में संशोधित लीज डीड जारी करने से पूर्व योजना मानचित्र में संशोधन BPC-LP समिति स्तर से अपेक्षित है अथवा नहीं के सम्बन्ध में BPC-LP शाखा से मार्गदर्शन हेतु पत्रावली भिजवाई गयी है।

<u>बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–</u>

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व में एचटी लाईन से प्रभावित भूमि को छोडते हुए लीजडीड जारी की गई थी। जोन की रिपोर्ट अनुसार वर्तमान में एचटी लाईन हटा दी गई है। अतः प्रकरण में एचटी लाईन से प्रभावित भाग जो पूर्व में गैर अनुमोदित रखा गया था, को सम्मिलित करते हुए सम्पूर्ण भाग का पट्टा दिये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रश्नगत प्रकरण में जोन द्वारा योजना के विक्रय व गैर विक्रय योग्य क्षेत्रफल के सम्बन्ध में सुनिश्चितता कर प्रकरण में नियमानुसार मानचित्र संशोधन की कार्यवाहीं करते हुए अग्रिम कार्यवाहीं जोन स्तर से हीं किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त तथ्यों के क्रम में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

समिति का निर्णयः—

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित नही हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व में एचटी लाईन से प्रभावित भूमि को छोडते हुए लीजडीड जारी की गई थी। जोन की रिपोर्ट अनुसार वर्तमान में एचटी लाईन हटा दी गई है। अतः प्रकरण में एचटी लाईन से प्रभावित भाग जो पूर्व में गैर अनुमोदित रखा गया था, को सम्मिलित करते हुए सम्पूर्ण भाग का पट्टा दिये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में जोन स्तर पर एचटी लाईन मौके पर नही होने की सुनिश्चितता कर, योजना का कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल नियमानुसार मापदण्डों के अनुसार होने पर, योजना के मूल मानचित्र में इस बैठक में लिये गये नीतिगत निर्णयानुसार संशोधन करते हुए, प्रश्नगत भूखण्ड सं. 144 की संशोधित लीज डीड जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

एजेण्डा संख्याः—06 (437 / 18.08.2026)

विषयः—ग्राम गोनेर तहसील सांगानेर के खसरा नं. 1249 से 1264, 1267, 1268, 1269 / 1, 1270 / 1, 1271, 1272 / 1, 1275 / 1, 1276 / 1, 1277 / 1, 1059 से 1067 क्षेत्रफल 86700.00 वर्ग मीटर (8.67 हैक्ट.) के वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ योजना मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज 464147) — **जोन—09**

धारा 90 ए / बी आदेश दिनांकः— 90A / JDA / 2025—26 / 100249 निर्णय दिनांक 01.06.2026 एवं जविप्रा / उपा. / जोन—09 / 2026 दिनांक 14.05.2026

ले—आउट अनुमोदन हेतु आवेदन दिनांकः— 01.07.2026

जोन स्तरीय समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर निम्न तथ्य नोट किये गये हैंः—

1. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी—2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में केटेगिरी—सी का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित
2. टाउनशिप पॉलिसी—2024 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में सभी सुविधाओं यथा पानी, बिजली, आदि हेतु मानचित्र ले—आउट मानचित्र एवं डीपीआर के साथ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064

v-1.0

का उल्लेख है। बी.पी.सी. (एल.पी.) की 414वी बैठक दिनांक 04.11.2025 मे उपरोक्त के संबंध मे निम्नानुसार नीतिगत निर्णय लिया गयाः–

"समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि जविप्रा में प्राप्त हो रहे योजना मानचित्र के प्रकरणों में बीपीसी–एलपी समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में लिये गये निर्णयानुसार बिन्दुओं की पूर्ति होने योजना केवल मानचित्र जारी किया जा सकता है। उक्त अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप प्रश्नगत प्रकरणों में डीपीआर का अनुमोदन जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी एवं जोन उपायुक्त द्वारा टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान अनुसार होने की सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रमाणित की जावें। अनुमोदित डीपीआर के अनुरूप जन सुविधा की भूमि पर हो रहे प्लानिंग का अंकन योजना के अनुमोदित मूल मानचित्र पर किया जावें। उक्त भाग पर प्लानिंग हेतु मापदण्ड/मार्गदर्शन बीपीसी–एलपी शाखा द्वारा पृथक से किया जावेगा। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही प्रश्नगत योजना हेतु कैम्प प्रस्तावित किया जावे एवं प्रश्नगत योजना के भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सभी जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।"

उपरोक्त लिये गये नीतिगत निर्णय की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

3. प्रश्नगत प्रकरण में वर्ष–2011 में फार्महाउस प्रयोजनार्थ जारी धारा 90बी के आदेश क्षेत्रफल 6.56 हैक्ट. को संशोधित कर संशोधित धारा 90ए के आदेश दिनांक 14.05.2025 वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ जारी किये गयें। आवेदक द्वारा उक्त धारा 90ए के आदेश एवं दिनांक 01.06.2026 को जारी धारा 90ए के आदेश क्षेत्रफल 2.11 हैक्ट. को सम्मिलित करते हुए कुल 8.67 हैक्ट. पर व्यावसायिक योजना प्रस्तावित की गयी है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. जोन की रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूमि को जविप्रा की रिंग रोड़ परियोजना से लगते हुए प्रस्तावित जोनल विकास योजना की 30 मीटर सड़क जो कि मौके पर बी.टी सड़क के रूप में विकसित है, से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. आवेदित भूमि दो भागों में स्थित है। उक्त दोनों भागो के मध्य जविप्रा स्वामित्व का खसरा नं. 1579 किस्म गै.मु. रास्ता स्थित है। आवेदक द्वारा प्रस्तावित ले–आउट मानचित्र में उक्त खसरे की अल्प भूमि को योजना में सम्मिलित करते हुए उक्त भाग पर पार्किंग की भूमि, व्यावसायिक भूखण्ड प्रस्तावित किये गये है। पत्रावली में गूगल मानचित्र अनुसार प्रश्नगत खसरें पर मौके पर सड़क सचांलित दर्शित है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार गै.मु. रास्तों का मार्गाधिकार न्यूनतम 18 मीटर रखे जाने का प्रावधान है। उक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
6. आवेदित भूमि में से प्रस्तावित जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सड़क के दक्षिण दिशा की ओर स्थित भाग का भू–उपयोग जोनल विकास योजना के अनुसार 15 मीटर गहरायी तक सेक्टर व्यावसायिक व शेष आवासीय दर्शित है। प्रश्नगत प्रकरण में आवेदक द्वारा सेक्टर व्यावसायिक भाग की गणना जविप्रा की सेक्टर व्यावसायिक नीति के अनुसार 75:25 के अनुपात में नहीं की गयी है। प्रकरण में सेक्टर व्यावसायिक भाग की गणना जविप्रा की सेक्टर व्यावसायिक नीति के अनुसार की जाकर संशोधित मानचित्र प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रस्तावित योजना मानचित्र में पब्लिक यूटिलिटी हेतु प्रस्तावित भूखण्डों को अनियमित आकार में रखा गया है। उक्त भूखण्डों को नियोजन व उपयोग में लिये जाने के दृष्टिगत नियमित आकार में रखा जाना प्रस्तावित है।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

8. प्रस्तावित योजना मानचित्र में योजना के दक्षिणी भाग में स्थित पार्क क्षेत्रफल 2041.48 को अनियमित आकार में रखा गया है। उक्त पार्क की भूमि को नियोजन व उपयोग में लिये जाने के दृष्टिगत नियमित आकार में रखा जाना प्रस्तावित है।

9. प्रश्नगत प्रकरण में प्रस्तुत ले–आउट मानचित्र में व्यावसायिक भूखण्डों के ब्लॉकों के मध्य पार्किंग हेतु पृथक–पृथक भूमि प्रस्तावित की गई है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान सं. 3.2.2 (तालिका के बिन्दु सं. 03) के अनुसार प्रस्तावित योजना का 10 प्रतिशत क्षेत्र सार्वजनिक पार्किंग लॉट हेतु आरक्षित रखा जाना प्रस्तावित है। उक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

10. मास्टर विकास योजना–2025 के प्रावधान अनुसार 18 मीटर व इससे अधिक सडकों के जंक्शन पर स्थित भूखण्डों का मिश्रित व व्यावसायिक उपयोग नही किया जा सकता है। प्रस्तावित योजना मानचित्र में 18 मीटर व इससे अधिक सडकों के जंक्शन पर स्थित भूखण्डों के उपयोग के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

11. टाउनशिप पॉलिसी–2024 में फुटकर व्यावसायिक हेतु एकल भूखण्ड प्रस्तावित होने की स्थिति में उक्त भूखण्ड की प्लानिंग दर्शाते हुए मानचित्र लिये जाने का उल्लेख है। आवेदक द्वारा प्रस्तावित योजना मानचित्र में फुटकर व्यावसायिक हेतु प्लानिंग प्रस्तुत नही की गई है, जिसके संबंध में जोन द्वारा आवेदक से यू.ओ.नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार प्लानिंग हेतु प्रस्ताव लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

12. आवेदित भूमि के दक्षिणी भाग में अल्प भाग का भू–उपयोग आवासीय दर्शित है। उक्त भाग में आवेदक द्वारा आवासीय भूखण्ड प्रस्तावित किया गया है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 में व्यावसायिक योजनाओं में आवासीय भूखण्ड प्रस्तावित किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः उक्त के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

13. आवेदित भूमि के जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 एवं 18 मीटर सड़कों से प्रभावित भाग को जविप्रा में निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित नही हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में वर्ष–2011 में फार्महाउस प्रयोजनार्थ जारी धारा 90बी के आदेश क्षेत्रफल 6.56 हैक्ट. को संशोधित कर संशोधित धारा 90ए के आदेश दिनांक 14.05.2025 वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ जारी किये गयें। आवेदक द्वारा उक्त धारा 90ए के आदेश एवं दिनांक 01.06.2026 को जारी धारा 90ए के आदेश क्षेत्रफल 2.11 हैक्ट. को सम्मिलित करते हुए कुल 8.67 हैक्ट. पर व्यावसायिक योजना प्रस्तावित की गयी है।

समिति द्वारा नोट किया गया कि पूर्व में राज्य सरकार को धारा 90बी के प्रकरणों में संशोधन अथवा भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में मार्गदर्शन हेतु निम्नानुसार पत्र प्रेषित किया गया हैः–

''नविवि के परिपत्र दिनांक 04.07.2012 में उल्लेख है कि 90बी की कार्यवाही के पश्चात भी भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए की जा सकती है, जबकि कार्यालय मुख्य नगर नियोजक के पत्र दिनांक 27.02.2026 एवं राजस्थान भू–उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 में 90बी / 90ए शुदा भूमि के भू–उपयोग परिवर्तन बाबत स्पष्ट उल्लेख नही है।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

v-1.0

अतः नविवि के परिपत्र दिनांक 04.07.2012 एवं कार्यालय मुख्य नगर नियोजक के पत्र दिनांक 27.02.2026 में उल्लेखित तथ्यों में अस्पष्टता होने से प्रकरण में जविप्रा स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति की 46वीं बैठक दिनांक 02.062026 में लिये गये निर्णय अनुसार मार्गदर्शन प्रदान कराने का श्रम करावे।''

उक्त के परिपेक्ष्य में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त राज्य सरकार को प्रेषित पत्र के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।

एजेण्डा संख्याः–07 (437 / 18.08.2026)

विषयः– श्री हर्षित गोयल, तेजेन्द्र शर्मा, पुष्पेन्द्र, श्रीमती मंजू सिंघल जरिये मु.आम अरूण गोयल एवं श्री अभिषेक मेठी द्वारा ग्राम पंवालिया तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 1497 रकबा 0.58 हैक्ट. में से 2343.21 वर्गमीटर, खसरा सं. 1502 रकबा 1.27 हैक्ट., खसरा नं. 2117 / 1501 रकबा 0.07 हैक्ट. कुल किता 03 कुल रकबा 15743.21 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 462007)	**जोन–11**

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–

1. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा का पंजीकरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया जा चुका है। प्रश्नगत प्रकरण में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
2. टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में सभी सुविधाओं यथा पानी, बिजली, आदि हेतु मानचित्र ले–आउट मानचित्र एवं डीपीआर के साथ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने का उल्लेख है। बी.पी.सी. (एल.पी.) की 414वी बैठक दिनांक 04.11.2025 मे उपरोक्त के संबंध मे निम्नानुसार नीतिगत निर्णय लिया गयाः–

   ''समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि जविप्रा में प्राप्त हो रहे योजना मानचित्र के प्रकरणों में बीपीसी–एलपी समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में लिये गये निर्णयानुसार बिन्दुओं की पूर्ति होने योजना केवल मानचित्र जारी किया जा सकता है। उक्त अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप प्रश्नगत प्रकरणों में डीपीआर का अनुमोदन जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी एवं जोन उपायुक्त द्वारा टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान अनुसार होने की सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रमाणित की जावें। अनुमोदित डीपीआर के अनुरूप जन सुविधा की भूमि पर हो रहे प्लानिंग का अंकन योजना के अनुमोदित मूल मानचित्र पर किया जावें। उक्त भाग पर प्लानिंग हेतु मापदण्ड / मार्गदर्शन बीपीसी–एलपी शाखा द्वारा पृथक से किया जावेगा। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही प्रश्नगत योजना हेतु कैम्प प्रस्तावित किया जावे एवं प्रश्नगत योजना के भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सभी जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।''

   उपरोक्त लिये गये नीतिगत निर्णय की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
3. प्रश्नगत प्रकरण मे धारा 90ए के आदेश दिनांक 23.04.2025 क्षेत्रफल 0.58 **हैक्ट. में से 2343.21 वर्गमीटर** एवं आदेश दिनांक 22.06.2026 की सम्पूर्ण भूमि पर योजना अनुमोदन चाहा गया है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु सं. 4.1 के उपबिन्दु (viii) में निम्नानुसार उल्लेख किया गया है'–

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064

v-1.0

“The provisions of the Township Policy will be applicable only on the basis of the total area of 90-A order, even if an application for layout has been made on a partial part of it.”

प्रकरण मे उक्त प्रावधान अनुसार टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान सम्पूर्ण धारा 90ए की भूमि के अनुसार रखते हुए संशोधित मानचित्र लिये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

4. प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90ए के आदेश दिनांक 23.04.2025 को जारी किये गये हैं। उक्त आदेश एक वर्ष से अधिक की अवधि हो जाने के कारण प्रकरण मे बी.पी.सी. (एल.पी.) की बैठक दिनांक 15.03.2021 मे लिये गये नीतिगत निर्णय के क्रम मे सार्वजनिक विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार आवासीय दर्शित है। प्रकरण में आवासीय योजना का अनुमोदन चाहा गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
6. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को ग्राम पंवालिया से ग्राम जयसिंहपुरा रूपावास को जाने वाली एवं जोनल विकास योजना–16 की प्रस्तावित 30 मीटर सडक, जो मोके पर 12 मीटर मय 3.75 मीटर डामर निर्मित है, से पहुॅच मार्ग उपलब्ध है। आवेदित भूमि के सामने उक्त सडक में निहित खसरा नं. 1496 किस्म बारानी–1 निजी खातेदारी में दर्ज है। उक्त पहुॅच को मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रस्तावित योजना मानचित्र में उत्तर दिशा की ओर भूखण्ड सं. 22 व 23 के मध्य से दक्षिण दिशा की ओर भूखण्ड सं. 71 व पार्क हेतु प्रस्तावित भूमि के मध्य तक प्रस्तावित 09 मीटर सडक की लम्बाई 100 मीटर से अधिक है। अतः प्रश्नगत प्रकरण में उक्त 09 मीटर सडक को योजना के मध्य में स्थित 12 मीटर सडक के जंक्शन से उत्तर दिशा की ओर 12 मीटर की चौडाई में रखे जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
8. जोनल विकास योजना की 30 मीटर सडक से प्रभावित भूमि को जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
9. प्रस्तावित योजना मानचित्र में पी.यू. नियमित आकार में रखा जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
10. आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 2 हैक्ट़ से कम होने के कारण ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के पेटे राशि लिया जाना प्रस्तावित है।
11. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
12. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रकरण में धारा 90ए के आदेश दिनांक 23.04.2025 क्षेत्रफल 0.58 हैक्ट. में से 2343.21 वर्गमीटर एवं आदेश दिनांक 22.06.2026 की सम्पूर्ण भूमि पर योजना अनुमोदन चाहा गया है।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु 01, 02, 04, 05, 06, 08 व 10 से 12 को मान्य करते हुये, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रश्नगत प्रकरण में निम्नलिखित शर्तों के साथ आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गयाः–

1. पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 378वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 में लिये गये नीतिगत निर्णयानुसार प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि एवं धारा 90ए के आदेशों में शेष रही भूमि हेतु दो पृथक–पृथक आदेश जारी करते हुए संशोधित धारा 90ए की कार्यवाही की जावें एवं इस हेतु नियमानुसार उपविभाजन एवं पुनर्गठन शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावें।
2. प्रस्तावित योजना मानचित्र में उत्तर दिशा की ओर भूखण्ड सं. 22 व 23 के मध्य से दक्षिण दिशा की ओर भूखण्ड सं. 71 व पार्क हेतु प्रस्तावित भूमि के मध्य तक प्रस्तावित 09 मीटर सडक की लम्बाई 100 मीटर से अधिक होने के क्रम में योजना के मध्य में स्थित 12 मीटर सडक के जंक्शन से उत्तर दिशा की ओर 12 मीटर की चौडाई में रखी जावें।
3. प्रश्नगत प्रकरण में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के पेटे राशि ली जावें।
4. आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

<u>एजेण्डा संख्याः–08 (437/18.08.2026)</u>

विषयः– श्री मुकेश शर्मा पुत्र श्री सीताराम शर्मा, श्री मुकेश यादव पुत्र श्री गोपाल लाल यादव, श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर तथा श्री विनायक एसोसिएटस जरिये पार्टनर विष्णु कुमार गुप्ता पुत्र राम गोपाल गुप्ता द्वारा ग्राम दौलतपुरा, तहसील सांगानेर जयपुर के खसरा नं. 282 रकबा 1.08 में से 0.77, खसरा नं. 283 रकबा 0.28, खसरा नं. 284 रकबा 0.48, खसरा नं. 285 रकबा 0.15 कुल किता 04 कुल रकबा 1.6800 हैक्टेयर भूमि पर आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन करने बाबत। (राजकाज नं. 454363)	जोन–11

<u>बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–</u>

1. प्रश्नगत प्रकरण मे धारा 90ए की कार्यवाही तीन व्यक्तियों व एक कम्पनी के पक्ष में जारी किये गये है एवं आवेदन भी उक्त व्यक्तियों व कम्पनी द्वारा ही किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में सम्मिलित कम्पनी द्वारा केटेगिरी डी का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में शेष आवेदकों के पंजीयन के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
2. टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में सभी सुविधाओं यथा पानी, बिजली, आदि हेतु मानचित्र ले–आउट मानचित्र एवं डीपीआर के साथ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने का उल्लेख है। बी.पी.सी. (एल.पी.) की 414वी बैठक दिनांक 04.11.2025 मे उपरोक्त के संबंध मे निम्नानुसार नीतिगत निर्णय लिया गयाः–

"समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि जविप्रा में प्राप्त हो रहे योजना मानचित्र के प्रकरणों में बीपीसी–एलपी समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में लिये गये निर्णयानुसार बिन्दुओं की पूर्ति होने योजना केवल

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064
v-1.0

मानचित्र जारी किया जा सकता है। उक्त अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप प्रश्नगत प्रकरणों में डीपीआर का अनुमोदन जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी एवं जोन उपायुक्त द्वारा टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान अनुसार होने की सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रमाणित की जावें। अनुमोदित डीपीआर के अनुरूप जन सुविधा की भूमि पर हो रहे प्लानिंग का अंकन योजना के अनुमोदित मूल मानचित्र पर किया जावें। उक्त भाग पर प्लानिंग हेतु मापदण्ड/मार्गदर्शन बीपीसी–एलपी शाखा द्वारा पृथक से किया जावेगा। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही प्रश्नगत योजना हेतु कैम्प प्रस्तावित किया जावे एवं प्रश्नगत योजना के भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सभी जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।"

उपरोक्त लिये गये नीतिगत निर्णय की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

3. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 के अनुसार सीमा से बाहर दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार ग्रामीण व अल्प भाग में यू–2 एचआईजेड दर्शित है। नविवि के आदेश दिनांक 22.08.2023 व विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 24.06.2019 के अनुसार ग्रामीण व यू–2 एचआईजेड भू–उपयोग में राजस्व ग्रामों की आबादी के 500 मीटर की परिधि क्षेत्र में आवासीय उपयोग अनुज्ञेय किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि राजस्व ग्राम दौलतपुरा, तहसील सांगानेर की मूल आबादी के खसरा नंबर 315 के 500 मीटर की परिधि में स्थित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को ग्राम प्रेमपुरा से ग्राम सिराणी जाने वाली प्रस्तावित 18 मीटर सडक जिसका मौके पर ROW 12 मीटर उपलब्ध है एवं 3.75 मीटर बीटी निर्मित है, से पहुॅच उपलब्ध है। उक्त सडक निजी खातेदारी के खसरों पर निर्मित है, जिस पर जोन रिपोर्ट अनुसार कोई कमिटमेंट नही किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में उक्त सडक को पहुॅच मार्ग के रूप में मान्य किये जाने एवं टाउनशिप पॉलिसी 2024 के बिन्दु संख्या 3.5.2. (vii-b) अनुसार उक्त ग्रामीण सडक का मार्गाधिकार निर्धारित किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
5. जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि के दक्षिणी सीमा पर पूर्व से पश्चिम की ओर मौके पर विद्यमान सडक स्थित है। प्रश्नगत सडक पर प्रस्तावित योजना के भूखण्ड सं. 01, 32 व 33 स्थित है। जोन द्वारा उक्त सडक पर आवेदित भूमि के पूर्व दिशा मे निजी खतेदारी की आवासीय योजना शांति एंक्लेव अनुमोदित की गई है जिसमे दक्षिण दिशा मे ज़ोनल विकास योजना की 30 मीटर प्रस्तावित सडक गुजर रही है, जो की आवेदित भूमि के दक्षिण दिशा मे बाहर स्थित है, जिसके अलाइमेन्ट से आवेदित भूमि प्रभावित नहीं होती है, प्रकरण मे उक्त मौके की सड़क पर अन्य कोई कमीटमेंट नहीं किया गया है, का उल्लेख किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में उक्त सडक के मार्गाधिकार निर्धारण के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रश्नगत प्रकरण में ले–आउट मानचित्र में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु भूमि नियमित आकार में रखी जानी प्रस्तावित है।
7. प्रस्तावित योजना मानचित्र में फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड में पार्किंग व आवागमन हेतु पर्याप्त भूमि प्रस्तावित नही की गई है। जिसके संबंध में जोन द्वारा आवेदक से यू.ओ.नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार प्लानिंग हेतु प्रस्ताव लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
8. आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 2 हैक्ट़ से कम होने के कारण ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के पेटे राशि लिया जाना प्रस्तावित है।

RajKaj Ref No.: 24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

9. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

10. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु 02, 03 व 06 से 10 को मान्य करते हुये, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रश्नगत प्रकरण में निम्नलिखित शर्तों के साथ आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गयाः–

1. **प्रश्नगत प्रकरण में सभी आवेदकों द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जावें।**
बीपीसी–एलपी में प्रकरण के विचारणीय बिन्दु व प्रस्तावः– 1. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि की धारा 90ए के आदेश दिनांक 10.10.2014 को आवासीय प्रयोजनार्थ जारी किये गये थे, परन्तु वर्तमान में आवेदक द्वारा व्यावसायिक प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड हेतु आवेदन किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के दोनो ओर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ एकल पट्टा जारी है तथा मास्टर विकास योजना एवं जोनल विकास योजना में निर्धारित भू–उपयोग अनुसार व्यावसायिक/मिश्रित प्रयोजनार्थ एकल पट्टा अनुमत योग्य है। अतः उक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है। 2. प्रकरण में आवेदित भूमि का भू–उपयोग जोनल विकास योजना–2011 के अनुसार 90 मीटर सड़क व 30 मीटर प्लान्टेशन कोरिडोर व ग्रामीण दर्शित है। मास्टर विकास योजना–2025/जोनल विकास योजना अनुसार आवासीय, व्यवसायिक एवं पब्लिक व सेमी पब्लिक दर्शित है। नविवि के पत्र दिनांक 20.06.2025 मे जयपुर शहर के मास्टर विकास योजना–2025 व जोनल विकास योजना के अनुसार पृथक–पृथक भू–उपयोगों के अन्तर्गत स्थित भूमि पर मिश्रित उपयोग की लीजडीड जारी किये जाने के संबंध मे विभागीय अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 के द्वारा जारी डी.पी.सी.आर. में मिश्रित भू उपयोग के सम्बन्ध में तालिका 10 में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है कि ***"किसी भूमि/भूखंड का आंशिक भाग व्यसायिक/मिश्रित भू उपयोग में तथा शेष भाग आवासीय/सार्वजनिक अर्धसार्वजनिक उपयोग में आता है तो मिश्रित उपयोग का एकल पट्टा अनुज्ञेय किया जा सकेगा, जिस उपयोग में जितना प्रतिशत आ रहा है उसका उल्लेख साइट प्लान/लीज डीड में करना होगा तथा तदनुसार ही उपयोगों का प्रतिशत रखते हुए भवन निर्माण स्वीकृति दी जा सकेगी।" अतः उक्त अनुसार जविप्रा स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है।*** आवेदक द्वारा व्यावसायिक एकल भूखण्ड अनुमोदन चाहा गया है। उक्त के क्रम में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है। 3. जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूमि मे से जोनल विकास योजना–09 की 90 मीटर सडक (30 मीटर प्लानटेशन कोरिडोर) गुजर रहा है। बी.पी.सी. एल.पी. की 316वीं बैठक दिनांक 31.03.2022 के प्रस्ताव संख्या 10 (4) में ''मास्टर प्लान–2025 की 21 प्रमुख सड़को में टोंक रोड शामिल है। अतः मास्टर प्लान के प्रावधानानुसार प्लान क्षेत्र में टोंक रोड एवं टोंक रोड बाइपास पर सड़क की गहराई का डेढ़ गुणा क्षेत्र तक	

RajKaj Ref No.: 24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

व्यावसायिक भू–उपयोग प्रस्तावित किया गया है।'' उक्त प्रावधान से सम्पूर्ण भूखण्ड 1.5 गुणा व्यावसायिक भू उपयोग के अंतर्गत आता है परन्तु भूखण्ड का आंशिक भाग मास्टर प्लान अनुसार पब्लिक एण्ड सैमी पब्लिक युज के लिये आरक्षित है जिसका क्षेत्रफल 1415.25 वर्ग मीटर है।

4. प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90ए के आदेश दिनांक 10.10.2014 को आवासीय प्रयोजनार्थ जारी किये गये है जोन के प्रस्ताव अनुसार प्रकरण में आवेदक द्वारा व्यावसायिक एकल भूखण्ड का अनुमोदन चाहा गया है। पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 378वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 में समान प्रकृति के प्रकरण में लिये गये निर्णय के क्रम में प्रकरण में संशोधित व्यावसायिक प्रयोजनार्थ धारा 90ए के आदेश जारी किया जाना प्रस्तावित है।
5. प्रश्नगत प्रकरण में प्लानटेशन कोरीडोर में प्रस्तावित भूमि को भूखण्ड का अग्र सैटबेक माना जावें एवं उक्त भाग का 30 प्रतिशत भाग ही आवेदक द्वारा पहुँच मार्ग, पार्किंग आदि उपयोग में ली जावेगी शेष भाग पर आवदेक द्वारा सघन वृक्षारोपण प्रस्तावित किया जावें। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड पर किया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रकरण मे ज़ोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को मुख्य 90.00 मीटर टोंक रोड की सर्विस सड़क पर स्थित है जो 5.50 मीटर डामर निर्मित है। उक्त भूखंड के सामने व्हीकुलर अंडरपास निर्मित है जिसकी चौड़ाई 25.00 मीटर है, से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। जोन द्वारा उक्त सड़क (एलिवेटेड /फ्लाईओवर) के सम्बन्ध में टिपण्णी नहीं की गयी हैं । मास्टर प्लान वॉल्यूम 4 के बिंदु संख्या 10.14 में निम्न प्रावधान हैं:-

   10.14 Special Conditions

   Commercial and Mixed landuse areas

   - All plots situated at junctions of 18 mtr. and above where rotaries/traffic islands are provided for regularisation of traffic and all plots situated on either side of flyovers/ROB are barred from Mixed Land use commercial use permission. Existing establishments may continue. New permission shall not be granted if traffic is generated like Restaurants, Showrooms, Big commercial establishments. Only G+1 can be considered by the Competent Authority as perpolicy of the State Government for regularisation of such commercial activities unless detailed redevelopment plan is prepared for proper stream lining of traffic and parking provisions in such activities. In special cases after detailed examination of ingress, egress provisions, State Government may consider permitting commercial and mixed landuse activities.

   उक्त के क्रम में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रकरण मे मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार सर्वे में दर्शित 90 मीटर सडक एवं जोनल विकास योजना–09 की सडक के अलाईन्मेंट में भिन्नता दर्शित है। प्रश्नगत भूमि से लगते हुए कमिटमेंट दर्शित है। प्रकरण में उक्त अलाईन्मेंट के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

<u>सामान्य शर्तेः–</u>

8. प्रकरण में ज़ोन की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूमि स्वयं के उपयोग में लिए जाने के आशय का शपथ पत्र आवेदक द्वारा दिया गया हैं परन्तु संलग्न शपथ पत्र में उक्त बिन्दु का उल्लेख नही है। अतः उक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
9. प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान 3.4 (viii) अनुसार आंतरिक विकास कार्यो का विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई है। उक्त रिपोर्ट भवन मानचित्र अनुमोदन के समय आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त का अंकन जारी होने वाले मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है।
10. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि के पीछे की ओर निजी खातेदारी की अनुमोदित योजना साउथ ग्रीन्स अनुमोदित है। उक्त अनुमोदित योजना की 12 मीटर सडक पर आवेदित भूमि को प्रवेश नही दिया जाना प्रस्तावित है।
11. जोनल विकास योजना–09 की प्रस्तावित 90 मीटर सडक से प्रभावित भूमि को जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।

RajKaj Ref No.: 24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

v-1.0

12.प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र हेतु राशि लिया जाना प्रस्तावित हैं।

13.प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है एवं प्रश्नगत भूखण्ड पर सैटबैक एवं अन्य पैरामीटर्स भवन विनियम–2025 के अनुसार देय होंगे।

14.प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जावें। उक्त की सुनिश्चितता जोन द्वारा की जावें।

15.प्रकरण में आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। आवेदक द्वारा प्रकरण को स्थगित किये जाने हेतु निवेदन किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श व आवेदक के निवेदन के क्रम में प्रकरण को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा संख्याः–24 (437/18.08.2026)

विषयः– श्री ललित कुमार मोदी पुत्र श्री महेश कुमार मोदी द्वारा ग्राम–शिवदासपुरा, तह. चाकसू, जयपुर के ख.नं. 2375/2349 एवं 2383/2347 कुल किता 02 कुल रकबा 0.1612 हैक्ट. भूमि पर आवासीय प्रयोजनार्थ एकल भूखण्ड मानचित्र अनुमोदन बाबत्। (राजकाज नं. 397477)	**जोन–14**

प्रकरण में बीपीसी (एलपी) द्वारा परीक्षण उपरांत शाखा के विचारणीय बिन्दु व प्रस्तावः–

1. आवेदित भूमि के पश्चिमी दिशा की ओर पूर्व अनुमोदित योजना पदम विहार में दर्शित 18 मीटर सडक स्थित है। प्रश्नगत प्रकरण में जोन द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा नोट में आवासीय प्रयोजनार्थ एकल पट्टा हेतु प्रस्ताव मय अभिशंषा प्रस्तुत किया गया है एवं प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90ए की कार्यवाही मिश्रित प्रयोजनार्थ की गई है। मास्टर विकास योजना–2025 के प्रावधान अनुसार 18 मीटर एवं इससे अधिक चौडी सडकों के जंक्शन पर मिश्रित उपयोग अनुज्ञेय नही किया जा सकता है। आवेदित भूमि का भू–उपयोग सैक्टर व्यावसायिक व मिश्रित दर्शित हैं जोन द्वारा आवेदित भूमि पर आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन की अभिशंषा की गयी है। पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 428वीं बैठक दिनांक 07.04.2026 में समान प्रकृति के प्रकरण में 18 मीटर सडक के पश्चिमी दिशा में खसरा नं. 2374/2348 पर आवासीय एकल भूखण्ड का अनुमोदन किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
2. आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार Shivdaspura special Area (Green Field airport) व mixed use & Commercial (30 mtr. –15 mtr) गहराई तक दर्शित है एवं 30 मीटर सडक से प्रभावित है। प्रकरण में जोन द्वारा आवासीय एकल भूखण्ड की अभिशंषा की गई है।
3. प्रश्नगत प्रकरण में ग्राम शिवदासपुरा, तह. चाकसू, जयपुर के ख.नं. 2375/2349 एवं 2383/2347 कुल किता 02 कुल रकबा 0.1612 हैक्ट. भूमि पर एकल पट्टा अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण में ख.नं. 2375/2349 पर मिश्रित प्रयोजनार्थ हेतु आवेदन दिनांक 14.10.2025 को किया है एवं खसरा नं. 2383/2347 (धारा 90ए के उपरान्त तरमीम शुदा) पर मिश्रित (एकल पट्टा) की 90ए की कार्यवाही अन्य

RajKaj Ref No.: 24296064

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

खसरों के साथ दिनांक 30.11.2023 को की गई थी। टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु सं. 4.1 के उपबिन्दु (viii) में निम्नानुसार उल्लेख किया गया है'–

"The provisions of the Township Policy will be applicable only on the basis of the total area of 90-A order, even if an application for layout has been made on a partial part of it."

प्रकरण में धारा 90ए की कार्यवाही 10000 वर्गमीटर से अधिक पर की गई है। जोन द्वारा 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि लिये जाने का उल्लेख किया गया है। अतः प्रस्तावित मिश्रित एकल भूखण्ड हेतु 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र आरक्षित रखे जाने अथवा 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि लिए जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

4. वर्तमान में उक्त 90ए धारक द्वारा खसरा नं. 2383/2347 में से 0.0512 हैक्ट़ भूमि का बेचान वर्तमान आवेदक को किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90ए के आदेशों में अल्प भूमि को सम्मिलित करते हुए एकल पट्टा अनुमोदन के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

5. प्रकरण में धारा 90ए के आदेश मिश्रित प्रयोजनार्थ से धारा 90ए के संशोधित आदेश पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 378वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 में समान प्रकृति के प्रकरण में लिये गये निर्णय के क्रम में आवासीय प्रयोजनार्थ जारी किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

6. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को मौके पर दो लेन में निर्मित 3.75 मीटर ग्रेवल सडक से पहुँच मार्ग उपलब्ध है जो जोनल प्लान की प्रस्तावित 30 मीटर सडक है। उक्त जोनल प्लान की सड़क निजी खातेदारी की योजना श्री सागर सिटी में सी.सी. टाईल द्वारा निर्मित है एवं निजी खातेदारी की योजना पदम एस्टेट सी–ब्लॉक में ग्रेवल निर्मित है एवं ओवदित भूमि के सामने अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन निजी खातेदारी की योजना पदम एस्टेट में समर्पित होकर ग्रेवल निर्मित है। उक्त के अतिरिक्त भूमि को बाडापदमपुरा रोड (जोनल प्लान की प्रस्तावित 60 मीटर सड़क) से आवेदित भूमि के सामने स्थित जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सडक तक समर्पित 18 मीटर ग्रेवल सड़क से भी आवेदित भूमि को पहुँच मार्ग उपलब्ध है। उक्त पहुॅच मार्ग के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

7. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि के सामने स्थित जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सडक का अलाईमेंन्ट के संबंध में जोन द्वारा पुनः सुनिश्चितता करते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

<u>सामान्य शर्तेः–</u>

8. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। जोन की रिपोर्ट एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र अनुसार आवेदक द्वारा अवेदित भूमि को स्वयं के निजी उपयोग हेतु लिये जाने का उल्लेख किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

9. प्रश्नगत प्रकरण में प्रश्नगत भूमि पर किये जाने वाले आंतरिक विकास के संबंध में आवेदक द्वारा डीपीआर भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत किया जावेंगा। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड एवं मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है।

10. आवेदित भूमि जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर सडक की व्यावसायिक भू–पट्टी से प्रभावित है। अतः प्रश्नगत प्रकरण में फ्रन्टेज चार्जेज लिया जाना प्रस्तावित है।

11. प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि लिया जाना प्रस्तावित है।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

12. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
13. भवन विनियम 2025 के अनुसार कॉर्नर रेडियस हेतु आवश्यक भूमि समर्पित किये जाकर ही अग्रिम कार्यवाही की जानी प्रस्तावित हैं।
14. प्रश्नगत प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित नही हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में ग्राम शिवदासपुरा, तह. चाकसू, जयपुर के ख.नं. 1967, 1968, 1969, 1970, 1971, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1983, 1984 व 1985 कुल रकबा 9.9500 हैक्ट़ भूमि में से 8.500 भूमि पर मिश्रित प्रयोजनार्थ धारा 90ए की कार्यवाही दिनांक 30.11.2023 को की गई है। प्रकरण में मूल धारा 90ए के आदेश 8.5 हैक्ट की भूमि में से तरमीम शुदा ख.नं. 2375/2349 एवं 2383/2347 कुल किता 02 कुल रकबा 0.1612 हैक्ट. पर आवासीय एकल पट्टा अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित खसरों के धारा 90ए के आदेश संशोधित किये जाने तथा आवेदित खसरों के अतिरिक्त शेष रही 90ए शुदा भूमि पर टाउनशिप पॉलिसी–2024 अनुसार पहुँच मार्ग/न्यूनतम क्षेत्रफल आदि की जॉच करते हुए एवं प्रकरण में उपविभाजन/पुनर्गठन हेतु देय शुल्क के संबंध में परीक्षण कर प्रकरण समस्त तथ्यों एवं जोन के स्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बैठक में रखे जाने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।

एजेण्डा संख्याः–25 (437/18.08.2026)

विषयः– दा साई नेस्ट जरिये प्रोपराईटर श्री जे. के. अरोडा पुत्र श्री आर.एल. अरोडा द्वारा ग्राम–गोरधनपुरा, तह.–चाकसू, जयपुर के ख.नं. 342/326 कुल किता 01 कुल रकबा 0.2550 हैक्ट. भूमि पर गेस्ट हाउस प्रयोजनार्थ एकल पट्टा हेतु ले–आउट मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 465512)	**जोन–14**

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–

1. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि की धारा 90ए के आदेश दिनांक 29.06.2026 को अन्य संस्थानिक प्रयोजनार्थ जारी किये गये है। राजस्व रिकॉर्ड में गै.मु.संस्थानिक दर्ज है। प्रकरण में आवेदक द्वारा गेस्ट हाउस एकल भूखण्ड का अनुमोदन चाहा गया है।
2. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार पब्लिक व सैमी–पब्लिक एवं आंशिक सैक्टर व्यावसायिक दर्शित है। डीपीसीआर वॉल्यूम–04 के अनुसार उक्त भू–उपयोग में गेस्ट हाउस गतिविधि अनुज्ञेय है तथा पब्लिक सेमी पब्लिक में गेस्ट हाउस हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल 0.05 हैक्ट. एवं 18

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0

मीटर सड़क होना आवश्यक है। आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 0.2550 हैक्ट. एवं 18 मीटर पहुँच मार्ग उपलब्ध है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

3. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को रिंग रोड परियोजना की ईनर 20 मीटर सर्विस सड़क (10.50 मीटर डामर) से होते हुए ग्रेवल सड़क, जो मौके पर 5.50 मीटर ग्रेवल सहित 18 मीटर से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। जोन की रिपोर्ट अनुसार ग्राम गोनेर के जविप्रा स्वामित्व के खसरा नंबर 3392 किस्म गै.मु. रास्ता तथा ग्राम गोवर्धनपुरा के निजी खातेदारी के खसरा नंबर 343/326, 344/326 चौड़ाई 10 से 18 मीटर से प्राप्त है। प्रकरण में खसरा नम्बर 24 किस्म गै.मु.रास्ते का मार्गाधिकार 18 मीटर पूर्व बीपीसी–एलपी समिति की 411वीं बैठक दिनांक 07.10.2025 में निर्धारण किया जा चुका है। उक्त पहुँच मार्ग को समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. प्रश्नगत प्रकरण सार्वजनिक–अर्द्धसार्वजनिक भू–उपयोग के अंतर्गत प्रस्तावित होने के क्रम में भविष्य में यदि उक्त गतिविधि से भिन्न गतिविधि चाही जाती है, उक्त स्थिति केवल सार्वजनिक–अर्द्धसार्वजनिक भू–उपयोग के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधि ही अनुज्ञेय किया जाना प्रस्तावित है।
5. आवेदित भूमि जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 24 मीटर सडक की सैक्टर व्यावसायिक भू–पट्टी से प्रभावित है। अतः प्रश्नगत प्रकरण में फ्रन्टेज चार्जेज लिया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
6. वर्तमान प्रचलित भवन विनियम में उक्त भू–उपयोग व्यावसायिक गतिविधि के अंतर्गत सम्मिलित होने के क्रम में प्रकरण में सभी शुल्क व्यावसायिक श्रेणी के आधार पर लिया जाकर, उक्त का अंकन जारी होने वाले मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है।
7. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि जोनल विकास योजना–08 की 24 मीटर सडक व 18 मीटर सडक के जंक्शन पर स्थित होने एवं बिन्दु सं. 06 के क्रम में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

<u>सामान्य शर्तेः–</u>

8. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदक द्वारा स्वयं के उपयोग हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
9. प्रश्नगत प्रकरण में प्रश्नगत भूमि पर किये जाने वाले आंतरिक विकास के संबंध में आवेदक द्वारा डीपीआर भवन मानचित्र अनुमोदन के समय प्रस्तुत किया जावेंगा। उक्त का अंकन जारी होने वाली लीजडीड एवं मानचित्र पर किया जाना प्रस्तावित है।
10. जोनल विकास योजना–08 की प्रस्तावित 24 मीटर सडक व 18 मीटर सडक से प्रभावित भूमि के क्षेत्रफल की पुनः जॉच करते हुए सुनिश्चितता उपरान्त तदानुसार जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
11. प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य राशि लिया जाना प्रस्तावित है।
12. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
13. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

<u>समिति का निर्णयः–</u>

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

समिति द्वारा पत्रावली एवं जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित नही हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि आवेदित भूमि वाई जंक्शन पर स्थित है एवं आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार पब्लिक व सैमी–पब्लिक एवं आंशिक सैक्टर व्यावसायिक दर्शित है। अतः समिति द्वारा उक्त बिन्दु के क्रम में मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रकरण को आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।

एजेण्डा संख्याः–26 (437 / 18.08.2026)

विषयः– श्री भगवान सहाय चौधरी पुत्र श्री रघुनाथ सहाय चौधरी हिस्सा–1 / 3, श्री रामकिशोर चौधरी पुत्र श्री रघुनाथ सहाय चौधरी हिस्सा–1 / 6, श्री लोकेश मावलिया पुत्र श्री रामेश्वर चौधरी हिस्सा–1 / 6 एवं श्री राजेश चौधरी पुत्र श्री जवाहर चौधरी हिस्सा–1 / 3 निवासी द्वारा ग्राम कैलाशपुरा उर्फ कोकावास, तह. सांगानेर, जयपुर के खसरा नम्बर 814 / 1 रकबा 1.08 हैक्ट. भूमि पर आवासीय योजना रघूनाथपुरी का मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 464161)	**जोन–14**

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–

1. जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत प्रकरण मे धारा 90ए के आदेश दिनांक 17.07.2026 को आवासीय प्रयोजनार्थ जारी किये गये है। आवेदक द्वारा आवासीय योजना का अनुमोदन चाहा गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
2. आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 व जोनल प्लान के अनुसार कॉमर्शियल (12 मीटर गहराई) आवासीय व रिक्रियेशनल दर्शित है। आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ का अनुमोदन चाहा गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
3. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित को शिकारपुरा से मनोरियावाला जाने वाली ग्रामीण सड़क से पहुँच मार्ग उपलब्ध है जो मौके पर 5.50 मीटर एवं 3.75 मीटर में सी.सी. सड़क सहित 12 मीटर उपलब्ध है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को प्राप्त पहुँच खसरा नं. 376 / 819 गै.मु.रास्ते तथा आवेदित भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 1 / 1 के खातेदार द्वारा उक्त रास्ते के मध्य बिन्दु से 09 मीटर चौडाई तक की भूमि को रास्ते के लिए समर्पित हेतु सहमति प्रस्तुत की गई है। उक्त रास्ते के मार्गाधिकार के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
4. प्रस्तावित योजना मानचित्र में रिक्रियेशनल भाग में पार्क, पब्लिक यूटिलिटी व सुविधा क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। उक्त के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
5. संलग्न पी.टी. सर्वे अनुसार मौके पर आंशिक अस्थायी निर्माण हैं जबकि जोन द्वारा भूमि रिक्त होने की टिप्पणी की गई हैं। अतः उक्त के संबंध में भवन विनियम 2025 के प्रावधान अनुसार पृथक से कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रस्तावित योजना मानचित्र में जविप्रा की सैक्टर व्यावसायिक नीति के अनुसार जविप्रा व खातेदार के मध्य 75:25 के अनुपात में भूखण्ड प्रस्तावित किये गये है। सैक्टर व्यावसायिक भाग में सैक्टर रोड मय व्यावसायिक पट्टी का क्षेत्रफल ले–प्लान अनुसार 1847.00 वर्गमीटर अंकित किया गया है किन्तु सीडी अनुसार जॉच

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

करने पर 1866.74 वर्गमीटर प्राप्त होता है। अतः उक्त क्षेत्रफल की सुनिश्चितता करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

7. टाउनशिप पॉलिसी–2024 में फुटकर व्यावसायिक हेतु एकल भूखण्ड प्रस्तावित होने की स्थिति में उक्त भूखण्ड की प्लानिंग दर्शाते हुए मानचित्र लिये जाने का उल्लेख है। आवेदक द्वारा प्रस्तावित योजना मानचित्र में फुटकर व्यावसायिक हेतु प्लानिंग प्रस्तुत नही की गई है, जिसके संबंध में जोन द्वारा आवेदक से यू.ओ. नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार प्लानिंग हेतु प्रस्ताव लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
8. प्रश्नगत योजना मानचित्र में एक मोबाईल टावर हेतु भूमि प्रस्तावित किया गया है। अतः योजना में एक अतिरिक्त मोबाईल टावर हेतु भूमि रखी जानी प्रस्तावित है।
9. प्रश्नगत योजना मानचित्र में आवासीय भूखण्ड सं. केसी–04, केसी–05, जेसी–03 व जेसी–04 तथा पार्क के मध्य 1.5 मीटर फुटपाथ रखा जाना प्रस्तावित है।
10. प्रश्नगत योजना मानचित्र में प्रस्तावित 09 मीटर सडक की लम्बाई 100 मीटर से अधिक होने के क्रम में प्रकरण में संशोधित मानचित्र प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है।
11. जोनल विकास योजना–09 की 24 व 48 मीटर सडक से प्रभावित भूमि को जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित करवाया जाना प्रस्तावित है।
12. जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित योजना मानचित्र में प्रस्तावित खातेदार कमर्शियल भूखंड संख्या के–सी 01, के–सी 07 जोनल विकास योजना–09 की 24 मीटर सडक व प्रस्तावित 18 मीटर सडक के जँक्शन पर स्थित होने के कारण आवासीय भूखंड अनुज्ञेय किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

सामान्य शर्तेः–

13. जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा का पंजीकरण प्रमाण पत्र मानचित्र जारी किये जाने से पूर्व प्रस्तुत किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। प्रश्नगत प्रकरण में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
14. टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में सभी सुविधाओं यथा पानी, बिजली, आदि हेतु मानचित्र ले–आउट मानचित्र एवं डीपीआर के साथ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने का उल्लेख है। बी.पी.सी. (एल.पी.) की 414वी बैठक दिनांक 04.11.2025 मे उपरोक्त के संबंध मे निम्नानुसार नीतिगत निर्णय लिया गयाः–

"समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि जविप्रा में प्राप्त हो रहे योजना मानचित्र के प्रकरणों में बीपीसी–एलपी समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में लिये गये निर्णयानुसार बिन्दुओं की पूर्ति होने योजना केवल मानचित्र जारी किया जा सकता है। उक्त अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप प्रश्नगत प्रकरणों में डीपीआर का अनुमोदन जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी एवं जोन उपायुक्त द्वारा टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान अनुसार होने की सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रमाणित की जावें। अनुमोदित डीपीआर के अनुरूप जन सुविधा की भूमि पर हो रहे प्लानिंग का अंकन योजना के अनुमोदित मूल मानचित्र पर किया जावें। उक्त भाग पर प्लानिंग हेतु मापदण्ड/मार्गदर्शन बीपीसी–एलपी शाखा द्वारा पृथक से किया जावेगा। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही प्रश्नगत योजना हेतु कैम्प प्रस्तावित किया जावे एवं प्रश्नगत योजना के भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सभी जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।"

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

उपरोक्त लिये गये नीतिगत निर्णय की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

15. आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 2 हैक्ट् से कम होने के कारण ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के पेटे राशि लिया जाना प्रस्तावित है।
16. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
17. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि आवेदित भूमि को शिकारपुरा से मनोरियावाला जाने वाली ग्रामीण सड़क से पहुँच मार्ग उपलब्ध है जो मौके पर 5.50 मीटर एवं 3.75 मीटर में सी.सी. सड़क सहित 12 मीटर उपलब्ध है। जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को प्राप्त पहुँच खसरा नं. 376/819 गै.मु.रास्ते तथा आवेदित भूमि के मध्य स्थित खसरा नं. 1/1 के खातेदार द्वारा उक्त रास्ते के मध्य बिन्दु से 09 मीटर चौडाई तक की भूमि को रास्ते के लिए समर्पित हेतु सहमति प्रस्तुत की गई है। उक्त पहुँच मार्ग को समिति द्वारा मान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु 01, 02, 05 से 11 व 13 से 17 को मान्य करते हुये, उक्त बिन्दुओं की सुनिश्चितता जोन स्तर पर करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रश्नगत प्रकरण में निम्नलिखित शर्तों के साथ आवासीय योजना ''रघूनाथपुरी'' का मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गयाः–

1. **प्रश्नगत प्रकरण में रिक्रियेशनल भाग में मास्टर विकास योजना के वॉल्यूम–04 (डीपीसीआर) की तालिका 10.5 के अनुसार रिक्रियेशनल भू–उपयोग के अंतर्गत सुविधा क्षेत्र हेतु अनुमत (Permitted) गतिविधियों के अनुसार ही End Use अनुज्ञेय किया जा सकेगा।**
2. **प्रश्नगत प्रकरण में संबंधित विकासकर्ता की अन्य किसी परियोजना के पेटे जविप्रा के पक्ष में कोई बकाया राशि नही बनती है, की सूचना अतिरिक्त आयुक्त(भूमि) से प्राप्त करने के पश्चात् ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावें।**
3. **प्रश्नगत प्रकरण में सैक्टर व्यावसायिक भाग के क्षेत्रफल की जोन द्वारा जॉच कर सुनिश्चितता करते हुए प्रस्तावित योजना मानचित्र में जविप्रा की सैक्टर व्यावसायिक नीति के अनुसार जविप्रा व खातेदार के मध्य 75:25 के अनुपात में भूखण्ड प्रस्तावित किये जावें।**
4. **प्रश्नगत प्रकरण में प्रस्तावित खातेदार कमर्शियल भूखंड संख्या के–सी 01, के–सी 07 के स्थान पर आवासीय भूखण्ड सृजित किये जावें।**
5. **प्रश्नगत योजना मानचित्र में एक अतिरिक्त मोबाईल टावर हेतु भूमि आरक्षित रखी जावें।**
6. **प्रश्नगत योजना मानचित्र में आवासीय भूखण्ड सं. केसी–04, केसी–05, जेसी–03 व जेसी–04 तथा पार्क के मध्य 1.5 मीटर फुटपाथ रखा जावें।**

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

7. प्रश्नगत योजना मानचित्र में प्रस्तावित 09 मीटर सडक की लम्बाई 100 मीटर से अधिक होने के क्रम में प्रकरण में संशोधित मानचित्र प्राप्त किया जावे। **8. प्रकरण में प्रस्तावित योजना में फुटकर व्यावसायिक हेतु, प्लानिंग मय पाथ–वे/पार्किंग को एवं दुकानो को जविप्रा द्वारा जारी यु.ओ. नोट दिनांक 25.11.2021 अनुसार प्रस्तावित किया जावें।** **9. प्रश्नगत प्रकरण में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी हेतु नियमानुसार राशि ली जावें।** **10. आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

एजेण्डा संख्याः–27 (437/18.08.2026)

विषयः– श्री सीताराम मौर्य पुत्र श्री रामस्वरूप मौर्य द्वारा राजस्व ग्राम पहाडिया तहसील माधोराजपुरा के खसरा नं. 2033/1408, 2034/1408 की 90ए स्वीकृति एवं मानचित्र अनुमोदन बाबत। (राजकाज नं. 463762)	**जोन–22**

बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–

1. प्रश्नगत प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के बिन्दु संख्या 2.3 के उपबिन्दु (viii) के क्रम मे विकासकर्ता द्वारा का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।
2. टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं में सभी सुविधाओं यथा पानी, बिजली, आदि हेतु मानचित्र ले–आउट मानचित्र एवं डीपीआर के साथ आवेदन के साथ प्रस्तुत करने का उल्लेख है। बी.पी.सी. (एल.पी.) की 414वी बैठक दिनांक 04.11.2025 मे उपरोक्त के संबंध मे निम्नानुसार नीतिगत निर्णय लिया गयाः–

   "समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि जविप्रा में प्राप्त हो रहे योजना मानचित्र के प्रकरणों में बीपीसी–एलपी समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में लिये गये निर्णयानुसार बिन्दुओं की पूर्ति होने योजना केवल मानचित्र जारी किया जा सकता है। उक्त अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप प्रश्नगत प्रकरणों में डीपीआर का अनुमोदन जोन में पदस्थापित अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारी एवं जोन उपायुक्त द्वारा टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान अनुसार होने की सुनिश्चितता करने के पश्चात् ही प्रमाणित की जावें। अनुमोदित डीपीआर के अनुरूप जन सुविधा की भूमि पर हो रहे प्लानिंग का अंकन योजना के अनुमोदित मूल मानचित्र पर किया जावें। उक्त भाग पर प्लानिंग हेतु मापदण्ड/मार्गदर्शन बीपीसी–एलपी शाखा द्वारा पृथक से किया जावेगा। उक्त कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही प्रश्नगत योजना हेतु कैम्प प्रस्तावित किया जावे एवं प्रश्नगत योजना के भूखण्डों की लीजडीड जारी की जावें। उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु सभी जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।"

   उपरोक्त लिये गये नीतिगत निर्णय की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
3. आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 में मिश्रित व यू–2 एचआईजेड व जोनल प्लान के अनुसार 60 मीटर गहराई तक मिश्रित व तत्पश्चात् आवासीय दर्शित है। प्रकरण में सम्पूर्ण भूमि पर आवासीय योजना का अनुमोदन चाहा गया है। मिश्रित भू–उपयोग के भाग में प्रस्तावित योजना मानचित्र में व्यावसायिक भूखण्ड, आवासीय भूखण्ड, योजना की

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064
v-1.0

आंतरिक सडके व आंशिक भाग में सुविधा क्षेत्र हेतु भूमि प्रस्तावित की गई है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 में मिश्रित उपयोग की योजनाओं एवं आवासीय योजनाओं हेतु पृथक–पृथक प्रावधान अंकित है। प्रश्नगत प्रकरण में मिश्रित भू–उपयोग में आवासीय योजना अनुमोदन किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

4. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को फागी रोड से ग्राम पहाडिया जाने वाली सडक, जिसका आर. ओ.डब्ल्यू 60 मीटर है। मौके पर 11.50 मीटर रोड (बी.टी.) निर्मित है, से पहुँच मार्ग उपलब्ध है। प्रश्नगत प्रकरण सडक जोनल विकास योजना की 60 मीटर सडक है जो कि आवेदित भूमि के सामने जविप्रा स्वामित्व के खसरा नं. 2046/1408 किस्म चारागाह में निर्मित है। जोन की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरा नं. 2046/1408 पर वर्तमान जमाबंदी अनुसार श्रीमान सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट फागी के आदेश दिनांक 27. 10.2017 मौके की यथास्थिति नाथ समाज विरूद्ध पप्पू गुर्जर श्रीमान एस. डी.ओ. फागी व श्रीमान तहसीलदार फागी के दिनांक 26.11.2019 में मु.न. 75/2019 में आ.ख.न. की राजस्व रिकॉर्ड व मौके की यथास्थिति बनाये रखने के आदेश प्राप्त हुआ का नोट अंकित है। प्रश्नगत प्रकरण में उक्त पहुँच मार्ग को मान्य किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

5. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि एवं जोनल विकास योजना–15 की 60 मीटर सड़क के मध्य स्थित जविप्रा स्वामित्य की खसरा भूमि 2046/1408 किस्म चारागाह 766.20 व.मी. एवं गहराई 1.91 क्षेत्रफल मीटर से 7.36 मीटर में नियमानुसार सेटबैक छोड़ने के उपरांत पर्याप्त बिल्टअप एरिया प्राप्त नहीं होने के कारण पृथक से भूखंड सर्जित किया जाना संभव नहीं है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 के प्रावधान सं. 4.2 के उपबिन्दु (I) में निम्नानुसार उल्लेख किया गया है:–

"In case where Government land (Siwai Chak or Rasta, Pathway, etc.) belonging to local authority having an area of 10% of the scheme or 5Ha. (which ever is less)is falling within the proposed scheme area and if, that Government land does not have an independent approach, then in order to facilitate contiguous development of the scheme the Government/ local body may allot such land on reserve price/ DLC rate whichever is more or in lieu of Govt. land 60% of saleable developed plots (residential, group housing plot and commercial in the overall ratio of the scheme) shall be reserve for local authorities. In case the Government land exceeds 10% of the scheme area/ more than 2 Ha. area, prior approval of State Government shall be obtained. In case of Govt. land is less than 10% of scheme area and also less than 2 ha, Govt. approval will not be required."

प्रश्नगत प्रकरण में उक्त भूमि को प्रश्नगत योजना में सम्मिलित करते हुए समान क्षेत्रफल के भूखण्ड आरक्षित रखा जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

6. प्रस्तावित योजना मानचित्र में योजना की पश्चिमी सीमा से प्रस्तावित 12 मीटर सडक को योजना की पूर्वी सीमा तक 12 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

7. प्रस्तावित योजना मानचित्र में प्ले–ग्राउण्ड नियमित आकार में प्रस्तावित नही किया गया है। अतः योजना में प्ले–ग्राउण्ड नियमित आकार में व पार्क हेतु नियमित 10 मीटर की चौडाई सुनिश्चित किया जाना प्रस्तावित है।

8. प्रस्तावित योजना मानचित्र में फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड में पार्किंग हेतु पर्याप्त भूमि प्रस्तावित नही की गई है। जिसके संबंध में जोन द्वारा आवेदक से यू.ओ.नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार प्लानिंग हेतु प्रस्ताव लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

9. प्रकरण मे टाउनशिप पॉलिसी–2024 के अनुसार कार्यवाही करते हुए, समस्त देय शुल्क लिये जाने की सुनिश्चितता जोन द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

10. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार देय होगें।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064

v-1.0

<u>समिति का निर्णयः–</u> **समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। आवेदक समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति द्वारा नोट किया गया कि आवेदित भूमि का भू–उपयोग मास्टर विकास योजना 2011 में ग्रामीण दर्शित है एवं मास्टर विकास योजना 2025 में मिश्रित व यू–2 एचआईजेड व जोनल प्लान के अनुसार 60 मीटर गहराई तक मिश्रित व तत्पश्चात् आवासीय दर्शित है। प्रकरण में सम्पूर्ण भूमि पर आवासीय योजना का अनुमोदन चाहा गया है। टाउनशिप पॉलिसी–2024 में मिश्रित व तत्पश्चात् आवासीय भू–उपयोग में आवासीय प्रयोजन का उल्लेख नही किया गया है।** **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त पूर्व में समान प्रकार के प्रकरणों में लिए गये निर्णय के परिपेक्ष्य में परीक्षण कर, प्रकरण को पुनः बीपीसी–एलपी की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया।**

<u>अति.एजेण्डा संख्या 01 (437 / 18.08.2026)</u>

विषयः–किसी आवेदित भूमि का क्षेत्रफल जेडडीपी सड़क/सड़क से प्रभावित भूमि एवं लैण्ड लॉस भूमि को छोड़ने के पश्चात पट्टा योग्य क्षेत्रफल किसी अनुमत/अनुज्ञेय गतिविधि हेतु डीपीसीआर में अंकित क्षेत्रफल से कम प्राप्त होने की स्थिति में मास्टर विकास योजना/भवन विनियम/टाउनशिप पॉलिसी में अंकित न्यूनतम क्षेत्रफल के प्रावधान अनुमोदन हेतु आवेदित भूमि पर लागू किया जाना है अथवा पट्टा योग्य क्षेत्रफल (सडक से प्रभावित भूमि के पश्चात् पट्टा योग्य भूखण्ड का क्षेत्रफल) पर लागू किया जाना है, के संबंध में।	**बीपीसी (एलपी)**
<u>बीपीसी–एलपी शाखा के विचारणीय बिन्दुः–</u> बीपीसी एलपी की 435वीं बैंठक दिनांक 16.07.2026 में ऐजेण्डा संख्या 12 में समिति द्वारा नोट किया गया कि मास्टर विकास योजना के वॉल्यूम–4 (डी.पी.सी.आर.) अनुसार यू–2 भू–उपयोग में ग्रुप हाउसिंग हेतु न्यूनतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल आवश्यक है। प्रकरण में आवेदित भूमि का जमाबंदी अनुसार क्षेत्रफल 2.5570 हैक्ट है परन्तु सडक से प्रभावित भूमि एवं लैंड लॉस भूमि के पश्चात् पट्टा योग्य क्षेत्रफल 2.0 हैक्ट से कम प्राप्त होता है। उपरोक्त के परिपेक्ष्य में मास्टर विकास योजना के वॉल्यूम–4 (डी.पी.सी.आर.) में अंकित न्यूनतम क्षेत्रफल के प्रावधान अनुमोदन हेतु आवेदित भूमि (धारा 90ए आदेश में अंकित क्षेत्रफल) पर लागू किया जाना है अथवा पट्टा योग्य क्षेत्रफल (सडक से प्रभावित भूमि के पश्चात् पट्टा योग्य भूखण्ड का क्षेत्रफल) पर लागू किया जाना है, के संबंध में परीक्षण हेतु निम्न सदस्यों की कमेटी के गठन का निर्णय लिया गयाः– 1. अतिरिक्त आयुक्त (भूमि), जविप्रा जयपुर– अध्यक्ष 2. वरिष्ठ नगर नियोजक (मास्टर प्लान), जविप्रा, जयपुर– सदस्य 3. सहायक नगर नियोजक (बीपीसी–एलपी), जविप्रा जयपुर –– सदस्य 4. सहायक नगर नियोजक (जोन–12), जविप्रा जयपुर – सदस्य सचिव मास्टर प्लान जयपुर–2025 दिनांक 05.09.2011 को अधिसूचित किया गया था। उक्त मास्टर प्लान हेतु Development Promotion and control regulations (MDP-2025) जारी की गई। The DP and CR (MDP-2025) are being envisaged to regulate the development building proposals in the Jaipur Region of JDA. The regulations will act as a mechanism to grant permissions to	

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST
v-1.0
RajKaj Ref No.: 24296064

(prospective developers/Builders/end-users/plot owners etc.) for creation of infrastructure facilities for the city as also to implement the broad land use plan policies of the MDP-2025. These regulations will act as promotional measures but they shall also control the development so as to achieve the planned growth in Jaipur Region.

These are systematic Development Promotion Regulations to ascertain the use activity at two levels. Approval of Land use shall be granted by the competent Authority as per provisions of these regulations.

i. Conversion of use zones in to use premises (layout), and

ii. Permission of use activities on use premises. The Development Promotion/Control Regulations differentiates between the use zone and use premises.

मास्टर विकास योजना के वॉल्यूम–4 (डी.पी.सी.आर.) में विभिन्न भू–उपयोगो यथा आवासीय, व्यावसायिक, यू2, यू3, ईकोलोजिकल, औद्योगिक इत्यादि में अनुमत एवं अनुज्ञेय गतिविधियो हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल एवं न्यूनतम पहुंच मार्ग का अंकन किया गया है अर्थात किसी विशेष गविविधि हेतु न्यूनतम क्षेत्रफल एवं न्यूनतम पहुंम मार्ग की पूर्ति होने पर ही उक्त गतिविधियों को अनुमत अथवा अनुज्ञेय किये जाने का प्रावधान है एवं तद्नुसार प्रकरण अनुमोदन सम्बन्धित कार्यवाही की जाती है।

सामान्यतः कई प्रकरणो में जेडडीपी सड़क/सड़क से प्रभावित भूमि एवं लैण्ड लॉस भूमि को छोड़ने के पश्चात पट्टा योग्य क्षेत्रफल किसी अनुमत/अनुज्ञेय गतिविधि हेतु डीपीसीआर में अंकित क्षेत्रफल से कम प्राप्त होता है।

अतः वर्तमान में उक्त विषमताओं को ध्यान में रखते हुये कमेटी द्वारा निम्न प्रस्ताव बीपीसी एलपी के समक्ष प्रस्तुत हैः–

1. भवन विनिमय–2025 के बिन्दु संख्या 10 अन्य प्रावधान (Other Provisions) के बिन्दु संख्या 3 में निम्न प्रावधान अंकित हैः–

   "मूल भूखण्ड का क्षेत्रफल किसी उपयोग के लिये न्यूनतम क्षेत्रफल हेतु आधार माना जायेगा। जैसे रिसॉर्ट हेतु किसी भूखण्ड का भू–पट्टी समर्पण से पूर्व क्षेत्रफल 1.2 हेक्टेयर था परन्तु भू–पट्टी समर्पण के पश्चात् (चाहे सड़क चौडी करने के लिये हो) भूखण्ड का क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर से कम हो जाता है तो भी ऐसे भूखण्ड पर रिसॉर्ट हेतु अनुमति देय होगी बशर्ते भूखण्ड अन्य शर्तें पूरी करता हो।"

2. उक्त अतिरिक्त राज्य सरकार के पत्र दिनांक 06.07.2025 के द्वारा समान प्रवृति के प्रकरण हेतु निम्न मार्गदर्शन दिया गया हैः–

   "प्रकरण में भवन विनियम–2025 के विनियम सं. 10 (अन्य प्रावधान) के बिंदु सं. 3 अनुसार–जविप्रा की डीपीसीआर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक प्रयोजनार्थ हेतु 1.0 हेक्टेयर भूमि होना आवश्यक है तथा प्रश्नगत प्रकरण में मूल खसरा नं. 413/288 का क्षेत्रफल 1.0050 हैक्ट. है, जिसमें से जोनल विकास योजना की 48 मीटर सडक में 634.48 वर्गमीटर भूमि समर्पण एवं 187.02 वर्गमीटर भूमि (लैण्ड लॉस) पश्चात शेष 9228.50 वर्गमीटर औद्योगिक प्रयोजनार्थ पट्टा योग्य भूमि उपलब्ध रहती है।

   अतः प्रकरण में कुल आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 1 हैक्ट. से अधिक होने के कारण भवन विनियम–2025 के प्रावधानुसार प्रकरण में औद्योगिक उपयोग अनुज्ञेय किया जावे।"

   अतः भवन विनिमय–2025 के प्रावधान एवं राज्य सरकार के पत्र दिनांक 06.07.2025 के द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन के परिपेक्ष्य में मास्टर विकास योजना– वॉल्यूम 4 में अंकित न्यूनतम क्षेत्रफल के प्रावधान अनुमोदन हेत आवेदित भूमि (धारा 90ए के आदेश अंकित क्षेत्रफल) पर लागू किया जाना उचित होगा, परन्तु सडक से प्रभावित भूमि/लेण्ड लॉस/आउट ऑफ पजेशन भूमि का क्षेत्रफल आवेदित भूमि का अधिकतम 10 प्रतिशत

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

क्षेत्रफल से अधिक ना हो। साथ ही देय समस्त राशि की गणना आवेदित सम्पूर्ण भूमि (धारा 90ए के आदेश अंकित क्षेत्रफल) किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्तानुसार प्रकरण बीपीसी (एलपी) समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

समिति का निर्णयः–

समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त निर्णय लिया गया कि किसी आवेदित भूमि का क्षेत्रफल मास्टर विकास योजना की सडक/जेडडीपी सड़क/बीपीसी–एलपी समिति द्वारा निर्धारित अन्य राजस्व रास्तों से प्रभावित भूमि को छोड़ने के पश्चात यदि पट्टा योग्य क्षेत्रफल किसी अनुमत/अनुज्ञेय गतिविधि हेतु डीपीसीआर/भवन विनियम/टाउनशिप पॉलिसी में अंकित न्यूनतम क्षेत्रफल से कम प्राप्त होता है तो ऐसी स्थिति में न्यूनतम वांछित क्षेत्रफल से अधिकतम 20 प्रतिशत तक, कम क्षेत्रफल प्राप्त होने की स्थिति में भी वांछित उपयोग अनुज्ञेय किया जा सकेगा। बशर्ते आवेदित भूमि का मूल क्षेत्रफल न्यूनतम वांछित क्षेत्रफल से अधिक हो।

साथ ही देय समस्त राशि की गणना आवेदित सम्पूर्ण भूमि के क्षेत्रफल (धारा 90ए के आदेश में अंकित) के आधार पर किया जावें। उक्त बाबत पृथक से सचिव स्तर से कार्यालय आदेश जारी करवाने हेतु अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (बीपीसी–एलपी) को निर्देशित किया गया।

नीतिगत निर्णयः– 01 (437/18.08.2026)

विषयः– पूर्व अनुमोदित योजनाओं में एचटी लाईन से प्रभावित भूखण्डों के वर्तमान में एचटी लाईन हटाये जाने के परिपेक्ष्य में प्रभावित भूखण्डों की लीजडीड/संशोधित लीजडीड जारी किये जाने के संबंध में।

पूर्व अनुमोदित योजनाऐं जिनमें अनुमोदन के समय एचटी लाईन स्थित होने से, एचटी लाईन कॉरीडोर से प्रभावित भूखण्डों को गैर अनुमोदित रखा गया था अथवा एचटी लाईन कॉरीडोर को छोडते हुए शेष भाग का अनुमोदन किया गया था। ऐसे प्रकरणों में (जिनमें एचटी लाईन के सहारे सडक प्रस्तावित नही है) वर्तमान में एचटी लाईन शिफ्ट किये जाने/हटाये जाने की स्थिति में जोन स्तर पर एचटी लाईन से प्रभावित भाग को सम्मिलित करने पर योजना के विक्रय योग्य क्षेत्रफल नियमानुसार मापदण्डों के अनुरूप होने पर गुणावगुण आधार पर मूल मानचित्र में संशोधन जोन स्तर पर ही किया जाकर, प्रभावित भूखण्डों की लीजडीड/संशोधित लीजडीड जारी की जा सकेगी।

उक्त के अतिरिक्त जोन द्वारा ऐसी एचटी लाईन जो कि शिफ्ट की जा चुकी है से अनुमोदित योजना के प्रभावित भूखण्डो के संबंध में सुओ मोटो कार्यवाही करते हुए मानचित्रों में संशोधन जोन स्तर पर किया जा सकेगा।

नीतिगत निर्णयः– 02 (437/18.08.2026)

विषयः– धारा 90ए के आदेश जारी होने के पश्चात् आवेदित भूमि की तरमीम किये जाने बाबत।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST

RajKaj Ref No.: 24296064

v-1.0

पूर्व में बीपीसी–एलपी समिति की 427वीं बैठक दिनांक 06.04.2026 में नीतिगत निर्णय सं. 01 पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया थाः–

"निजी खातेदारी की कृषि भूमि में से आंशिक भाग पर गैर कृषि प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन की कार्यवाही करते हुए धारा 90ए के आदेश जारी होने के पश्चात् उक्त धारा 90ए शुदा भूमि की तरमीम किये जाने की सुनिश्चितता उपरान्त ही प्रकरण को बीपीसी–एलपी समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जावें।"

समिति द्वारा यह नोट किया गया कि धारा 90ए की कार्यवाही सम्पूर्ण होने उपरान्त आवेदित भूमि जविप्रा के स्वामित्व में दर्ज की जाती है। समिति को अवगत करवाया गया कि पूर्व में भी बीपीसी–एलपी द्वारा 90ए से संबंधित कार्यवाही बाबत् नीतिगत निर्णय लिये गये थे।

अतः समिति द्वारा बीपीसी–एलपी समिति की 427वीं बैठक दिनांक 06.04.2026 में लिये गये 90ए से संबंधित कार्यवाही बाबत् नीतिगत निर्णय सं. 01 को प्रत्याहारित किये जाने का निर्णय लिया जाकर, भविष्य में प्रकरणों का निस्तारण बीपीसी–एलपी की 378वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 में 90ए से संबंधित नीतिगत निर्णय एवं बीपीसी–एलपी द्वारा समय–समय पर 90ए से संबंधित लिये गये अन्य नीतिगत निर्णयों के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

सदस्य सचिव
भवन मानचित्र समिति (ले आउट प्लान)
जविप्रा, जयपुर।

क्रमांकः जविप्रा/स.स/बीपीसी (एल.पी.)/2026/डी–　　　　दिनांकः–

प्रतिलिपी सूचनार्थः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को माननीय अध्यक्ष महोदय को अवलोकन करवाने हेतु प्रेषित है।
2. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक (नगर आयोजना) जविप्रा, जयपुर।
5. निदेशक विधि, जविप्रा, जयपुर।
6. अति. आयुक्त पृथ्वीराज नगर/प्रशासन, जविप्रा जयपुर।
7. अति. आयुक्त, एलपीसी/भूमि/पुर्नवास, जविप्रा, जयपुर।
8. अति. आयुक्त भूमि आवाप्ति, जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (मास्टर प्लान), जविप्रा, जयपुर।
10. संबंधित उपायुक्त–जोन, जविप्रा, जयपुर।
11. उपनिदेशक, जनसम्पर्क, जविप्रा, जयपुर।
12. उप रजिस्ट्रार सहकारिता, जविप्रा, जयपुर।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति (ले आउट प्लान)
जविप्रा, जयपुर।

Digitally signed by RINKU BANSAL
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2026-09-01 15:03:01 IST